* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
28 अप्रैल, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 188
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

एसएआरसी वीजा वालों के लिए मोहलत खत्म



# देश का खून खौल रहा, कठोर जवाब देंगे: मोदी

- प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में पहलगाम पीड़ितों को न्याय का दिलाया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गये लोगों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा।

मोदी ने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी। स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे। निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आयी थी। लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। लोगों की कमाई बढ़ रही थी। युवाओं के लिए नये अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया।

प्रधानमंत्री ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जायेगा। इसके साथ ही मोदी ने भारत के वैश्विक अंतरिक्ष ताकत बनने की भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने एक साथ 104 उपग्रह लांच करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं।

## एनआइए ने केस दर्ज किया, जांच शुरू

**नयी दिल्ली/जम्मू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पहलगाम आतंकी हमला मामले में जम्मू में केस दर्ज किया है। इसमें सर्चिंग में मिले सबूतों और चश्मदीदों के बयानों को आधार बनाया गया है। एनआइए की टीमों ने महाराष्ट्र, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में पीड़ितों परिवार के सदस्यों के बयान लिये हैं। एनआइए के मुताबिक, हमले की प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि इसमें शामिल आतंकियों की संख्या पांच से सात हो सकती है। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों को कम से कम दो स्थानीय आतंकियों ने भी मदद की थी, जिन्हें पाकिस्तान में ट्रेनिंग मिली थी। सुरक्षा एजेंसियां हमले में शामिल होने के शक में तीन आतंकियों के स्केच जारी कर चुकी हैं। ये तीनों आसिफ फौजी, सुलेमान शाह



और अबू तल्हा पाकिस्तान के हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों की सूचना देने वाले को 20-20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## आतंकी संगठन एचयूटी पर रांची में पहली एफआइआर

**झारखंड एटीएस के पास इनपुट, युवाओं को गुमराह कर बना रहे थे नेटवर्क**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) पर पहली एफआइआर दर्ज की गयी। इस संगठन को विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित किया गया था। प्रतिबंध? के बाद इस संगठन के खिलाफ देश में यह पहली एफआइआर है, जिसे एटीएस रांची थाने में दर्ज की गयी है। बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। इसी बीच शनिवार को धनबाद में झारखंड एटीएस को सूचना मिली कि हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी), अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआइएस) और आइएसआइएस से जुड़े लोग युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने गुलफाम हसन, आयान जावेद, उसकी पत्नी शबनम परवीन और शहजाद को गिरफ्तार किया है। इनसे दो पिस्टल, 12 गोलियां, मोबाइल, लैपटॉप, प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दस्तावेज और किताबें भी बरामद की।

## मुख्यमंत्री ने मैड्रिड में रीबिल्ड प्रदर्शनी देखी



**निर्माण और शहरी विकास के क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आइएफइएमए रीबिल्ड प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण और शहरी विकास के क्षेत्रों में अग्रणी नवाचारों की सक्रिय रूप से जानकारी हासिल की। उन्होंने वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं के साथ रणनीतिक चर्चा की और प्रमुख स्टॉल का दौरा किया, जिसमें लिग्नम टेक (मॉड्यूलर और प्रीफैब्रिकेटेड निर्माण में विशेषज्ञ), सोप्रेमा ग्रुप (स्थायी निर्माण सामग्री में अग्रणी और इंसुलेशन समाधान) और साइट साल (स्मार्ट सिटी और शहरी बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञ) शामिल हैं। उनकी यात्रा भविष्य की विकास पहलों में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को एकीकृत करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL
Affiliated to Central Board of Secondary Education, New Delhi
Near Toll Gate, Bundu, Ranchi - 835204, Jharkhand
ADMISSION NOTICE
FOR CLASS XI
SESSION: 2025-26
STREAM
SCIENCE & COMMERCE
LIMITED SEATS
ENROLL NOW
Scholarships Available for meritorious Students
WHY SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL
The School envisages all round development of students promoting inclusive education, hands on learning, STEM based classes, Blended Learning and Value Based Education. It provides students opportunity to explore and expose themselves to the various arenas of Science and Commerce. With well equipped science laboratories and highly qualified faculty, the school promises to provide the students with the best education. Additional courses for NDA Medical and Engineering designed especially for curious minds lays the First stepping stone to success.
Admission forms are available at the School office on all weekdays between 9:00 a.m. to 1:00 p.m. For details regarding admission criteria or other relevant queries, visit the School office or Contact- 9939339329
SEPARATE HOSTEL FACILITIES ARE AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
SUBJECTS AVAILABLE IN
SCIENCE STREAM
English, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Computer Science, Economics, Hindi and PHE
COMMERCE STREAM
English, Accountancy, Business Studies, Economics, Hindi, Informatics Practices & PHE
Contact No.: 9835108162, 9939339329
E-mail : symbiosisbundu@gmail.com
Website : www.symbiosispublicschool.com

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE | CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE | ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in







# सैन्य ताकत में पाकिस्तान पीछे, लेकिन उसकी 'छाया युद्ध' की रणनीति से सतर्क रहना होगा भारत को

## ■ पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ सकती है पाकिस्तान की खुंटचाल

## ■ भारत को इसका जवाब तैयार करने में अभी से ही जुट जाने की है जरूरत

## ■ जीतने के लिए सबसे जरूरी रणनीति, दुश्मन की चाल पहले ही भांप ली जाये

आजाद सिपाही विशेष

**किसी भी युद्ध को जीतने के लिए सबसे जरूरी रणनीति यही मानी गयी है कि दुश्मन की चाल को पहले से ही भांप लिया जाये। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव और सीमा पर तेज हो रही हलचल से पूरी दुनिया यह मान रही है कि भारत कुछ ह्यबड़ाह्ल करनेवाला है। यह ह्यबड़ाह्ल क्या होगा और कितना होगा, किसी को पता नहीं है। भारत के पास अभी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का उपयुक्त कारण भी है और माहौल भी। सैन्य ताकत में पाकिस्तान किसी भी सूरत में भारत के आगे नहीं ठहर सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि दुश्मन की क्या रणनीति हो सकती है और युद्ध की स्थिति में वह क्या सब कर सकता है। आज एक पूर्व सेना अधिकारी से इस बाबत विस्तार से बातचीत हुई और उनकी बातें सचमुच चौंकानेवाली थीं। उस पूर्व सैनिक ने सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर अपना नाम छापने से मना कर दिया, लेकिन कहा कि देश को पाकिस्तान की संभावित रणनीति के बारे में जानकारी होनी चाहिए। क्या कहा उस पूर्व सेना अधिकारी ने, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला एक सुनियोजित साजिश थी, जिसे पाकिस्तान के समर्थन के साथ द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने सीधे तौर पर अंजाम दिया। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन है और वास्तव में लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का एक छद्म संगठन है। यह आतंकी हमला पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के 16 अप्रैल को इस्लाम और कश्मीर पर दिये गये बयान के बाद हुआ है। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पाकिस्तान इस आतंकी हमले की योजना पहले से ही बना रहा था और यह भारत पर सीधा हमला है, ताकि भारत पर पाकिस्तान की इस्लामी विचारधारा पर जोर दिया जा सके। इसलिए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के मूल कारण को संबोधित करने का समय आ गया है, जो कि पाकिस्तान है। यहां पाकिस्तान का मतलब पाकिस्तानी सेना का नेतृत्व, पाकिस्तान स्थित आतंकी समूह, पाकिस्तान की आइएसआइ और पाकिस्तान में कुछ कट्टरपंथी, प्रेरित तत्व हैं। कोई भी औसत पाकिस्तानी अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद में उसकी दिलचस्पी नहीं है। पाकिस्तानियों के कई सोशल मीडिया पोस्ट उनकी सरकार का उपहास उड़ाते नजर आ रहे हैं।

### सोची-समझी रणनीति है पहलगाम हमला

सेना में सिखाया जाता है कि पहले दुश्मन के युद्ध के डिजाइन, उसके इरादों, क्षमताओं, कमजोरियों और कार्रवाई के संभावित कार्यों को समझो और उनकी कल्पना करो। चूंकि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना की पूरी छाप है, इसलिए यह माना जा सकता है कि पाकिस्तान ने अपनी सैन्य रणनीति और भविष्य की कार्रवाई की योजना बनायी है। पाकिस्तान ने जिस तरह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तेजी से सैनिकों को जुटाया, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी बढ़ायी, उसकी वायु सेना ने उड़ान भरी और भारत से सैन्य रूप से निपटने के लिए समग्र तैयारी को मजबूत किया, उससे यह स्पष्ट होता है की पाकिस्तान को इसका पूवार्नुमान था। लेकिन पाकिस्तान स्पष्ट रूप से भारत के अभूतपूर्व राष्ट्रीय क्रोध और भारतीयों की पूर्ण एकजुटता का अनुमान नहीं लगा सका । पाकिस्तान यह कल्पना करने में भी विफल रहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर उसके विरोध में उठ खड़ा होगा। इस प्रकार पाकिस्तान वास्तव में चिंतित है कि जम्मू-कश्मीर में उसके पास जो भी थोड़ा समर्थन आधार था, उसे उसने इस जघन्य आतंकी हमले के बाद खो दिया है।

### पाकिस्तान को याद है 71 की लड़ाई

मौजूदा परिदृश्य में पाकिस्तान का राष्ट्रीय उद्देश्य भारत के साथ पारंपरिक युद्ध से बचना होगा। भारत को पाकिस्तान पर बड़ी सामरिक बढ़त हासिल है और इस तरह पाकिस्तान 1971 के युद्ध की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि पाकिस्तान के सहयोगी ईरान ने मौजूदा परिदृश्य में मध्यस्थता की पेशकश की है। जाहिर है, यह पाकिस्तान के इशारे पर हुआ है। पाकिस्तान भारत से एक बड़े प्रतिशोध की उम्मीद करता है और इसे वह पारंपरिक युद्ध की दहलीज से नीचे रखना चाहेगा। पाकिस्तान भारत के साथ सैन्य कार्यवाही को नियंत्रण रेखा तक ही सीमित रखना पसंद करेगा। इस तरह पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर मुद्दे को जीवित रखने में सफल हो सकता है। इस संदर्भ में पाकिस्तान ने 22 अप्रैल के बाद से ही नियंत्रण रेखा पर भारत के साथ संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया है। भारत ने अपनी बेहतर मारक क्षमता से उचित और अधिक आक्रामक जवाब दिया है। चूंकि पाकिस्तान ने 25 अप्रैल को भारत के साथ शिमला समझौते को निलंबित कर दिया है, इसलिए संघर्ष विराम समझौता स्वतः ही शून्य हो गया है।

### पाकिस्तान का अगला कदम क्या

पाकिस्तान का अगला डिजाइन भारत में ह्यग्रे जोन वारफेयरह्ल शुरू करना होगा। ह्यग्रे जोन वारफेयरह्ल सामरिक संघर्ष का एक रूप है, जो उन कार्यों द्वारा दुश्मन पर किया जाता है, जो इन्हें पारंपरिक युद्ध की दहलीज से नीचे लाते हैं, लेकिन अनिश्चित परिस्थितियां पैदा करके रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं। पाकिस्तान काफी समय से भारत के साथ ह्यग्रे जोन युद्धह्ल में लिप्त रहा है और चीन की सक्रिय सहायता से चालाकी से भारत को अस्थिर करने की कोशिश की है। अब पाकिस्तान को बांग्लादेश का भी सक्रिय समर्थन प्राप्त है और इस तरह के युद्ध के निशान भारत में जल्दी ही दिखाई देने लगेंगे। पाकिस्तान की इस रणनीति का पहला हिस्सा विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में जवाबी आतंकवाद, यानि आतंकवाद विरोधी अभियानों में भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों को बांधना होगा।

### क्या करेंगे पाकिस्तान के डबल एजेंट

भारत पहले से ही कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र दोनों में आतंकवाद विरोधी संचालन की बढ़ती गति देख रहा है। इस वक्त पाकिस्तान के डबल एजेंट आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में बहुत सारी झूठी जानकारी देंगे, ताकि भारतीय सैनिक उनके पीछे उलझ जायें। निर्दोष हिंदुओं पर कायरतापूर्ण हमले करने वाले आतंकवादियों को खत्म करने का विचार सही है, लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर के बाकी हिस्सों में हमारे आतंकवाद विरोधी ग्रिड को कमजोर नहीं होना चाहिए। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत पाकिस्तानी सेना या आतंकवादियों को इसके बाद कोई सफलता हासिल करने का कोई मौका नहीं दे। इस वक्त मनोवैज्ञानिक दवाब बना कर रखना बहुत जरूरी है।

### स्लीपर सेल करेगा एक्टिव

पाकिस्तान के अगले डिजाइन में स्लीपर सेल को सक्रिय करना और पूरे भारत में विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर और पंजाब में अपने ओवर ग्राउंड कारिंदों (ओजीडब्ल्यू) तक पहुंचना शामिल होगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को स्पष्ट रूप से ओजीडब्ल्यू का समर्थन प्राप्त था। भारत की केंद्रीय और राज्य खुफिया एजेंसियों को भारत के इन आंतरिक दुश्मनों का पता लगाना है। स्थानीय पुलिस के पास सबसे अच्छी खुफिया जानकारी होती है, लेकिन कई बार राजनीतिक हस्तक्षेप से वे अपना काम सुचारु रूप से नहीं कर पाते हैं। अब भारत को किसी भी प्रकार के धार्मिक तनाव, आंतरिक संघर्ष और असंगति से निपटने के लिए राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन करना है, जिसमें सभी प्रकार के ह्यग्रे जोन वारफेयरह्ल से दृढ़ता से निपटना है, जिसमें छोटे से साइबर हमलों से लेकर सुनियोजित सीमा पार उल्लंघन तक शामिल हैं।

### डीप स्टेट का समर्थन मांगेगा

पाकिस्तान भारत को अस्थिर करने के लिए डीप स्टेट का समर्थन भी मांगेगा। ऐसे ज्ञात संगठन हैं, जो भारत के उदय के बारे में चिंतित हैं और लगातार भारत में विकास को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के भीतर भी बड़ी संख्या में निकाय और गैर सरकारी संगठन हैं, जो भारत को कमजोर करना जारी रखते हैं, खासकर विदेशी धरती पर। भारत को इन विरोधी नॉन स्टेट एक्टर्स से सख्ती से निपटना होगा। इनमें से कई नॉन स्टेट एक्टर्स सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इस तरह उनके प्रभाव पर भी अंकुश लगाना होगा।

### परमाणु युद्ध की गीदड़ भभकी भी

पाकिस्तान भारत के साथ परमाणु युद्ध की गीदड़ भभकी भी देगा। भारत और भारतीयों को पाकिस्तान की इस खोखली धमकी से चिंतित नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत के पास पर्याप्त विकल्प हैं, जो परमाणु सीमा से काफी नीचे हैं। साथ ही भारत को परमाणु शक्ति के रूप में गैर-जिम्मेदार पाकिस्तान के बारे में दुनिया को सावधान करना चाहिए। आने वाले समय में पाकिस्तान के खिलाफ और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाये जाने चाहिए, क्योंकि वह जिहादी लाभ के रूप में परमाणु तकनीक का दुरुपयोग कर सकता है।

### इस्लामी देशों के पास जायेगा

पाकिस्तान हर मौके का इस्तेमाल इस्लामी दुनिया को यह दिखाने के लिए करेगा कि मुसलमानों को भारत में उनका हक नहीं मिलता। पाकिस्तान इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाया है कि मुसलमानों को भारत के नागरिकों के समान अधिकार प्राप्त हैं और उनके खिलाफ कोई भेदभाव नहीं है। इस संदर्भ में पाकिस्तान वक्फ एक्ट को लेकर उपद्रव खड़ा करना चाहेगा। सभी देशभक्त भारतीयों, विशेष रूप से मुसलमानों को पाकिस्तान की इस चाल को समझना होगा और उन्हें सबसे ठोस तरीके से नजरअंदाज करना होगा। पाकिस्तान को उसके अस्तित्व में आने के बाद का सबसे कड़ा सबक सिखाने के लिए भारत को एकजुट रहना होगा।

### भारत सिखायेगा ऐसा सबक कि पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा

फिलहाल भारत के नेतृत्व ने पाकिस्तान के खिलाफ उसके सपनों से भी परे जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध किया है। लेकिन इस तरह का प्रतिशोध या बदले की कार्यवाही फिल्मी तरीके से नहीं होती है। ऐसी कोई भी कार्यवाही सोच-समझ कर और सावधानीपूर्वक की जाती है और कई बार सुरक्षा कारणों से इसे सार्वजनिक डोमेन में अवगत नहीं कराया जाता है। भारत ने पहले ही पाकिस्तान पर शिकंजा कस दिया है। लेकिन पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को हराने के लिए, विशेष रूप से पाकिस्तानी सेना को निरर्थक करने में कुछ समय लग सकता है। इस प्रकार भारतीय नागरिकों को धैर्य का भी परिचय देना होगा।

### राजनीतिक कलह से बचना होगा

एकजुटता के शुरूआती प्रदर्शन के बाद भारत में राजनीतिक असंगति फिर उभरने लगी है। इस तरह की किसी भी राजनीतिक कलह से पाकिस्तान को ही फायदा होने वाला है। भारत, उसके सभी नागरिकों और सभी राजनीतिक दलों को प्रधानमंत्री मोदी सरकार के पीछे चट्टान की तरह खड़ा रहना होगा। हिंदुओं में, एक मृत्यु के बाद 13 दिन का शोक मनाया जाता है और इस सबसे दुखद आतंकी हमले के सिर्फ चार दिन ही बीते हैं। हमें राजनीतिक सूझबूझ और सैन्य परिपक्वता दिखानी होगी। अधिकांश विश्व आतंकवाद के विरुद्ध इस युद्ध में भारत के समर्थन में खड़ा है। अब भारत को पूरी एकजुटता और संकल्प के साथ पाकिस्तानी सत्ता और उसके समर्थकों से लड़ने के लिए संपूर्ण राष्ट्रवाद का पालन करना होगा।

---

# आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठा रही हेमंत सरकार : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है और इस मामले में संवेदनहीन बयानों का सिलसिला भी जारी है। बाबूलाल मरांडी ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुये कहा 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया। देशभर में इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। केंद्रीय और राज्य सरकारें आतंकवाद के सफाये के लिये प्रतिबद्ध हैं, लेकिन झारखंड की सरकार इस गंभीर मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

मरांडी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हवाला देते हुये कहा कि उन्होंने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें देश से बाहर करें। हालांकि, झारखंड में इस निर्देश को लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाये गये हैं।



झामुमो के मंत्रियों और प्रवक्ताओं द्वारा गैर-जिम्मेदाराना और संवेदनहीन बयान दिये जाने पर बाबूलाल मरांडी ने भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य के मुख्यमंत्री को राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में ठोस कार्रवाई करनी चाहिये और राज्य में आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम सुनिश्चित करने चाहिये।

मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वह राजनीति से ऊपर उठकर राज्य और देश की सुरक्षा के लिये कठोर निर्णय लें और झारखंडवासियों की भावनाओं का सम्मान करें।

### पहलगाम आतंकी हमला : एक भयावह घटना

**ज्ञात हो कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। आतंकवादियों ने बैसन घाटी में घूमने गये 28 निर्दोष पर्यटकों को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस हमले में आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन्हें निशाना बनाया, जिसके कारण कई परिवारों का जीवन तहस-नहस हो गया। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की और सेना और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाये जा रहे हैं।**

---

# पहलगाम के पीड़ित परिवारों को चार महीने का वेतन देंगे मंत्री इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों का हमला हुआ था। इस हमले में 26 पर्यटक मारे गये थे। इन मारे गये पर्यटकों को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने पहलगाम के शहीदों के परिजनों को अपना चार महीने का वेतन देने का एलान किया है। इस एलान को उन्होंने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि बताया है।



### घटना ने मुझे अंदर तक झकझोरा

सोशल मीडिया पर इरफान अंसारी ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किया गया हमला न केवल मानवता पर हमला है, बल्कि उन्होंने भारत की आत्मा और प्रत्येक भारतवासी पर हमला किया है। इस घटना ने मुझे काफी अंदर तक झकझोर दिया है। मैंने फैसला लिया है कि शहीद परिवारों को मैं अपने चार महीने का वेतन श्रद्धांजलि के तौर पर दूंगा। यह मेरा फर्ज है कि मैं पीड़ित परिवारों के इस दुख में उनके साथ खड़ा रहूं। शहीदों का बलिदान अमूल्य है। परिवारों के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं।

---

संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बैठक

# संविधान बचाओ अभियान अगले 40 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रांची से आने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव एवं प्रमुख कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई,सेवा दल, इंटक, ओबीसी, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, फिशरमैन कांग्रेस, विधि विभाग, पंचायती राज, पूर्व सैनिक विभाग, रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद थे। कमलेश ने कहा कि देश के छात्रों, युवाओं विभिन्न समुदायों का अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रही है बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचल कर तानाशाही रवैये के साथ निरंकुश शासन प्रणाली अपनायी जा रही है। बैठक की जानकारी देते हुए



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अग्रीम मोर्चा संगठनों को संविधान के संदर्भ में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, युवाओं,महिलाओं और किसानों के बीच विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। संविधान बचाओ अभियान अगले 40 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा और गंभीरता के साथ इस अभियान की समीक्षा दैनंदिन की जायेगी। एनएसयूआई को विशेष कर पोस्टर एवं पंपलेट के माध्यम से शिक्षण संस्थानों महिला कांग्रेस को स्वयंसेवी संस्थाओं एवं महिला समिति से संपर्क कर अभियान की जानकारी देकर रैली में सम्मिलित करने की मुहिम चलाने का निर्देश दिया गया। युवा कांग्रेस को विभिन्न युवा संगठनों धार्मिक-सामाजिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियां चलाने वाले युवाओं से संपर्क कर अभियान एवं रैली के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, जयशंकर पाठक, संजय पांडेय, अमूल्य नीरज खलको, आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, सोनाल शांति, अभिलाष साहू, शकील अंसारी, अमरिंदर राजन वर्मा, राकेश किरण महतो, कुमार राजा, राकेश महतो, विनय उरांव,सूर्यकांत शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि उत्तराखण्ड
श्री यमुनोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री गंगोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री केदारनाथ
2 मई, 2025
श्री बदरीनाथ
4 मई, 2025
श्री हेमकुंट साहिब
25 मई, 2025
हरित
चारधाम यात्रा
आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा
चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न
यमुनोत्री के पास: जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी
गंगोत्री के पास: गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल
केदारनाथ के पास: भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल
बदरीनाथ के पास: माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब
यात्रा के लिए जरुरी सामान
रेनकोट
सनग्लासेस
पानी की बोतल
मास्क
ग्लूकोस बिस्कुट
लाठी
कोल्ड क्रीम
टार्च
मंकी कैप
मफलर
कैनवास जूते
कैश
मोज़े
सैनिटाइज़र
स्वेटर
छाता
पहचान पत्र
दस्ताने
पंजीकरण के लिए
registrationandtouristcare.uk.gov.in
Toll Free number 0135 1364
Download the App:
touristcareuttarakhand
Google play
App Store
हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
www.heliyatra.irctc.co.in
आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998
उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100
महत्वपूर्ण सूचना
• यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
• रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
• धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
• यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
• यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
• कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
• greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
• यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल
• यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
• जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
• रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
• जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।
आपकी यात्रा मंगलमय हो
त्रियुगी नारायण मन्दिर
गरतांग गली
फूलों की घाटी
हर्षिल वैली
देवप्रयाग
ऋषिकेश
औली
#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

# आतंकी हमले के विरोध में निकाली गयी जनाक्रोश रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में रविवार को जम्मू-कश्मीर में हुए हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में मासिपीडी से लेकर भारत माता चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। पहलगाम में आतंकियों के द्वारा किये गये नरसंहार से पूरे देश में आक्रोश और शोक का माहौल है। हर तरफ इस घटना की निंदा की जा रही है। वहीं हजारीबाग के नागरिकों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए सभी ने प्रदर्शन में भाग लिया। इस अवसर पर आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक टेकलाल ने कहा कि इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। भारत सरकार को आतंकियों के खिलाफ पुरजोर तरीके से बदला लेना होगा और इस दिशा में सरकार की ओर से की जाने वाली हर कार्रवाई का ग्रामीणों ने समर्थन देने का वादा किया। ग्रामीणों ने कहा कि अब पाकिस्तान हमारा है हम पाकिस्तान लेकर रहेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि मोदी जी आप आगे बढ़े हम सब आपके साथ हैं।

## पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के रमुवा काली मंदिर रोड स्थित भाजपा कार्यकर्ता शंकर प्रसाद वर्णवाल के निवास से जम्मू-कश्मीर, पहलगाम में निर्दोष सैलानियों को हिन्दू कहकर गोली मारकर हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाली गयी। कैंडल मार्च में महिलाएं-बच्चों और उनके परिवार के साथ पुरुष भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुये। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार वर्णवाल, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नि देवी, मंत्री गौतम भारती, मदन प्रसाद स्वर्णकार, अजय कुमार वर्णवाल, विकास राउत, ममता देवी के साथ पुरे ग्रुप के सदस्य शामिल थे। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में मारे गये पर्यटकों के प्रति सवेंदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार वर्णवाल ने कहा कि पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकत का जवाब शीघ्र मिलेगा। पूरे देश में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# प्रभात कुमार के हत्यारों को फांसी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भवेश मिश्रा




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के खिरगांव में कुछ दिनों पूर्व 15 अप्रैल को प्रभात कुमार की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में नागरिक सड़कों पर उतरते दिखायी दे रहे हैं। सुबह सवेरे बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के खीरगांव के नागरिकों ने देवी मंडप के समीप सैकड़ों की संख्या में हाथों में इंसाफ दो के तख्तियां लिये विरोध प्रदर्शन करते देखे गये, जिसमें दोषियों को फांसी देने की मांग की जा रही थी। तख्तियों में लिखा था मोहम्मद कैफ को फांसी दो, प्रभात हम शर्मिंदा है कि तेरे कातिल जिंदा है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व प्रभात कुमार की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया था। स्थानीय लोगों ने शव को देखा, जिसके बाद सड़क जाम कर दिया गया था। पुलिस की कार्रवाई से लोग काफी नाराज दिखे।

ग्रामीणों ने प्रभात कुमार के हत्यारे को फांसी देने की मांग के साथ ही मुआवजा और मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि बाकर गली से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है, महिलाएं वहां से गुजरती हैं तो लोग छेड़खानी करते हैं, वह जगह बिल्कुल भी सेफ नहीं रह गया है। जिससे जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि गश्ती दल को लगाया जाये, ताकि स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। साथ ही जहां हत्या हुई थी उस गली में लाइट की उचित व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रहरी लगानें की मांग कर रहे थे।

## कार पेड़ से टकरायी, आग लग जाने से तीन लोग घायल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को दोपहर कोडरमा घाटी जामसोती नाला के समीप एक कार के अचानक पेड़ में टकरा जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। अचानक गाड़ी में आग लगने से गाड़ी स्वाहा हो गया। इसके बाद हाईवे पेट्रोलिंग की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। घायलों की पहचान निरंजन प्रसाद उम्र 64 पिता बंशी प्रसाद, सराणी सिहा 50 पति निरंजन प्रसाद, मनजीत कुमार उर्फ पुसपेद्र कुमार 24 मनोज कुमार ग्राम सभी हरमू रांची के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार कार में तीन लोग सवार होकर बिहार से रांची की तरफ जा रहे थे। इसी क्रम में कोडरमा घाटी में एक पेड़ में टकरा जाने से अचानक आग लग गई, इसके बाद पुलिस की मदद से सभी को बाहर निकला गया। इन्हें सदर अस्पताल लाया गया। सभी का इलाज चल रहा है। गाड़ी पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया।

## काली महिला मंडल की अध्यक्ष सरोजनी देवी का निधन, शोक संवेदनाओं का लगा तांता


सरोजनी देवी की फाइल फोटो।

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नगर की धार्मिक संगठन सामंतो काली महिला मंडल की अध्यक्ष सरोजनी देवी 75 वर्ष का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया है। सरोजनी देवी धर्म परायण महिला के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थी। बताते चलें कि कोडरमा जिले में पहली महिला धार्मिक संगठन काली महिला मंडल का गठन आज से 35 वर्ष पूर्व किया था। जो एक बट वृक्ष के रूप में आज यह महिला मंडल विभिन्न शाखाओं में फल फूल रही है। इस महिला मंडल से लगभग आधा दर्जन महिला मंडल प्रत्येक सप्ताह में अलग-अलग स्थलों पर धर्म का अलख जगा रही है। इधर उनके निधन पर कई महिला मंडल के अलावा कई धार्मिक एवं सामाजिक संगठन पदाधिकारी और सदस्य मार्केट स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर अमावस्या के दिन काली मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में विधायक डॉ नीरा यादव, जसवीर कालरा, प्रतिमा सिंह, पुष्पा सिंह, सुनीता लाल, पूनम सेठ, डॉ बी रानी, मुन्नी वर्णवाल, दलजीत कौर (कुकी) इंदु जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रेखा जायसवाल, पूनम वर्णवाल, आशा मोदी, रेखा यादव, फूल कुमारी भारती, किरण चुल्हू, मंजू देवी, रीना सेठ, तारा पाण्डेय, सिम्मी वर्णवाल, सीमा बर्णवाल, प्रियंका बाजपेयी, दीपा गुप्ता, आशा बर्णवाल, सोनी जायसवाल, सुदेश छाबड़ा, किरण, आराधना सिंह आदि शामिल हैं।

## पतंजलि योगपीठ ने किया योग शिविर का आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत संगठन के तत्वाधान में योग शिविर कोडरमा के झुमरीतिलैया ग्रैंड सूर्या होटल में आयोजित किया गया। युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के शिष्य स्वामी विश्व देव स्वामी कोशल देव आये हैं, शिविर का आयोजन प्रदीप कुमार सुमन, योगाचार्य सुषमा सुमन के द्वारा किया गया। शिविर का प्रथम दिवस पूर्ण हुआ, जिसमें स्वामी कौशल देव ने योग करवाया और कहा कि तन को मन को स्वस्थ रखने के लिए सुबह-सुबह 2 घंटे योगाभ्यास जरूर करें। जो 24 घंटे में से 2 घंटे अपने तन मन को देता है तो सभी यदि व्याधियों से निवृत होकर 22 घंटे घर परिवार बिजनेस व्यापार व सगे संबंधियों को दे सकता है। वहां छोटे बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन से उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। स्वामी विश्व देव जी ने कहा कि आज का युवा डिप्रेशन, मानसिक रोगों का शिकार होता जा रहा है। मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डिलो, पतंजलि जिला प्रभारी राम पुकार, प्रदीप कुमार सुमन, डॉक्टर जयप्रकाश बरनवाल, सूर्य नारायण मोदी, नरेंद्र मोदी, सुभाष गुप्ता, गोपाल शर्मा, राजेंद्र बरनवाल, सुभाष मोदी, रामकिशोर शर्मा, राजेश वर्मा, रामचंद्र यादव, राजकुमार, नीलू देवी उपस्थित थे।

## झमाझम फुहारों ने दी भीषण गर्मी से राहत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जूझ रहे हजारीबाग वासियों को रविवार को मौसम ने बड़ी राहत दी। अप्रैल महीने की शुरूआत से ही तापमान लगातार 40 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच गया था। जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था। रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ रिमझिम फुहारें शुरू हुईं। हल्की बारिश और ठंडी बयार ने लोगों के चेहरों पर राहत और प्रसन्नता की लहर दौड़ा दी। मौसम में आई इस मिठास के कारण शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज किया गया, जो बीते सप्ताह की तुलना में काफी कम रहा। तेज हवाओं के बीच गिरती फुहारों ने लोगों को घरों से बाहर निकलने को आकर्षित किया। बाजारों, मॉल, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली।

## ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूटा हुआ बैग सुपुर्द

कोडरमा (आजाद सिपाही)। निरीक्षक प्रभारी कोडरमा को सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 18623 डीएन (पटना हटिया एक्सप्रेस) कोच संख्या बी-5 बर्थ नंबर 1 पर एक यात्री का बैग छूट गया है। सूचना प्राप्ति पर कोडरमा में तैनात बल सदस्यों द्वारा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही कर उक्त कोच को अटेंड किया गया तथा कंप्लेंट में दिये गये शिकायतकर्ता के मोबाइल पर बैग के बारे में पूरी जानकारी प्राप्ति के पश्चात बैग को उतारकर समक्ष जीआरपी के अवर निरीक्षक जय किशोर सिंह के आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पर प्रधान आरक्षी नवीन कुमार और आरक्षी आनंद कुमार द्वारा वीडियोग्राफी करते हुए खोल कर देखा गया जिसमें अन्य वस्तुओं के अलावा कुल 20 हजार नकद बरामद हुआ।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर टाटीझरिया में भ्रष्टाचार चरम पर

### डीटीओ द्वारा लगाये गये शिविर में ब्लड सैंपल का रिपोर्ट भी मिला गलत



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** जिला और प्रखंड प्रशासन के निर्देशानुसार विभिन्न पंचायतों में ड्राइवरी लाइसेंस बनवाने के लिए रजिस्ट्रेशन का शिविर लगवाया गया। प्रखंड क्षेत्र में 27 और 28 अप्रैल को शिविर लगाया गया है। प्रायः सभी पंचायत भवनों में यह लगाया गया है। धरमपुर पंचायत भवन में एक रजिस्ट्रेशन का टेबल जहां 148 रुपये लिया जा रहा था, उसका कहीं कोई रसीद नहीं दिया जा रहा था, दूसरे टेबल पर खून जांच केंद्र का शिविर लगाया गया था, जहां प्रतिव्यक्ति से 110 रुपये लिए जा रहे थे। तीसरे टेबल पर ऑनलाइन चलान कट रहा था, 500 रुपये और 25.67 रुपये का। जब खून जांच करने वाले लड़के सागर कुमार से पूछा कि आप कोर्स कहां किये हो, तो उन्होंने सकपकाते हुए कहा, सर मैं स्टूडेंट हूं, मरखम कॉलेज में पढ़ता हूं। संस्था वाले मुझे यहां लेते आये हैं। वह खून जांच का कोई रिपोर्ट भी नहीं दे रहा था और 110 रुपये ले रहा था, जबकि आम जांच घर में इसके जांच का 50 रुपये लगता है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर 148 रुपये अमर कुमार ले रहे थे, जो कि अपने आप को संत कोलंबस कॉलेज का विद्यार्थी बता रहा था। वह भी बिना रसीद के पैसा ले रहा था। ये दोनों ही पैसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा था। वहीं ग्राम विकास समिति जो इस कार्य के लिए परिवहन विभाग से प्रतिनियुक्त था, के फील्ड ऑफिसर विनय कुमार ने तो अपने बयान देकर भ्रष्टाचार को स्वीकार भी किया। उन्होंने साफ कहा कि परिवहन विभाग आपके द्वार पर आया है तो ये लेगा ही, आपको जो बुझाये कीजिए। वहीं शिविर में भाड़े पर लाया गया फर्जी जांचकर्ता ने एक व्यक्ति को एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप बता दिया, तो बगल में चल रहे निजी जांच घर ने उसे ओ पॉजिटिव ग्रुप का खून बता दिया। इस प्रकार किस पर भरोसा किया जाये,जांच का विषय है।

**क्या कहते हैं बीडीओ :** बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज से पूछने पर बताया कि क्या चार्ज लेना है वह वहीं लोग बतायेंगे।

# बड़कागांव : पीपल नदी घाट में गिरने के कगार पर है जर्जर शेड

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित पीपल नदी घाट में शेड जर्जर हो गया है। उक्त शेड में पिलर का छड़ दिख रहा है, जो कभी भी गिर कर बड़ा हादसा का कारण बन सकता है। उक्त शेड का निर्माण 1998 में विधायक मद से की गयी थी। पीपल नदी में अस्मशान घाट और छठ घाट भी है। दुर्गा पूजा के समय रावण दहन भी होता है। बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव मध्य पंचायत और पश्चिमी पंचायत के दर्जनों टोले मोहल्ले के लोग छठ पूजा करने आते हैं। इसके अलावा यहां पर अस्मशान घाट में अग्नि संस्कार व श्राद्ध क्रम के लिए भी आते हैं। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो श्राद्ध क्रम या दशहरा मेले के दौरान जर्जर शेड गिर भी सकता है। जिससे एक साथ कई लोगों का जान जा सकता है।

उक्त शेड के बगल में बोरिंग 5 वर्ष पहले की गयी थी, जहां आज तक चापाकल नहीं लगा है। गर्मी के दिनों में जब पीपल नदी सूख जाती है।

### क्या कहना है मुखिया का

बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीम उल्लाह खान का कहना है कि पीपल नदी में से निर्माण को लेकर डीएमएफटी फंड के लिए रिपोर्ट जिला और प्रखंड प्रशासन को दिया गया है। पंचायत में सरकार द्वारा पैसा नहीं भेजा जा रहा है। इस कारण पंचायत के कई विकास काम नहीं हो पा रहा है।

## प्राथमिक कृषि साख समिति की सदस्यता बढ़ाने की शुरुआत

चंदवारा (आजाद सिपाही)। झारखंड के निबंधन सहयोग समिति के निर्देश पर 25 अप्रैल से 24 मई तक प्रखंड पैक्स प्राथमिक कृषि साख समिति की सदस्यता बढ़ाने की शुरूआत की गयी है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपने नजदीकी पैक्स में निर्धारित नियमों के तहत सदयस्ता ग्रहण कर सरकारी सुविधा का लाभ लें। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को मजबूती देंना और ग्रामीण जनता को सशक्त बनाना है। सदस्यता के लिए प्रति परिवार से एक महिला व एक पुरूष को सदस्य बनाया जायेगा। जिसके लिए उन्हें 10 रुपये सदस्यता शुल्क देना होगा। इसके साथ उन्हें शेयर राशि के रूप में 100 रुपया दिया जायेगा।

# होली एंजेल पब्लिक स्कूल में झारखंड सेंट्रल स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चलकुशा।** हॉली एंजल पब्लिक स्कूल चलकुशा में झारखंड सेंट्रल स्कॉलरशिप टेस्ट 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, कोडरमा द्वारा किया गया था। परीक्षा में चलकुशा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भविष्य के लिए शानदार प्रयास किया। परीक्षा का आयोजन निर्धारित समयानुसार संपन्न हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने समय पर रिपोर्टिंग की और परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। आयोजन में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया।हॉली एंजल विद्यालय के निदेशक अमरजीत कुमार वर्णवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह स्कॉलरशिप टेस्ट पूरे क्षेत्र के लिए एक आंखे खोलने वाला अवसर साबित होगा। इससे छात्रों को बेहतर करियर और उच्च शिक्षा की दिशा में नए अवसर मिलेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि इस टेस्ट में चयनित विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक, बीटेक, नर्सिंग, फार्मेसी जैसे विभिन्न कोर्सों में छात्रवृत्तियां प्रदान की जायेंगी, जो उनके भविष्य को नयी दिशा देने में सहायक होंगी। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल ने भरोसा जताया कि यह पहल आने वाले वर्षों में शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित होगी।

## सांसद ने भेजा लहंगा-चुन्नी, किया गया वितरण



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बेटियों के कन्यादान के निमित्त लहंगा चुन्नी वितरण करने का बीड़ा उठाया है। जो अब टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में भी बेटियों के लिए पहुंच रहा है। इसी क्रम में शनिवार को प्रखंड के चुरचू गांव में मनोज मंडल की बेटी सीमा कुमारी, कोल्हू निवासी बंडू सिंह की बेटी आदि को वितरित किया गया।

## कटकमदाग में हाथियों का उत्पात, किसानों को लाखों का नुकसान



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिला के कटकमदाग के सुदूरवर्ती ग्राम ललकी पैरहरिया, पंचायत-ढेंगुरा, में पिछले कई दिनों से हाथियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज किया है। बताया जाता है कि आठ की संख्या में हाथी मौजूद हैं। हालांकि किसी नागरिक के हताहत की कोई सूचना नहीं है, लेकिन जंगल से सटे क्षेत्रों में खड़े फसलों को अपना आहार बना लें रहे हैं जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि कृषि योग्य भूमि को छोटे-छोटे किसानों ने जमीन लीज पर लेकर तरबुज और टमाटर की खेती किये थे, जिसको हाथियों ने बर्बाद कर दिया है। किसानों ने वन विभाग से भरपाई की मांग की है।

## ओपन जिम में बच्चों की किलकारियां गूंजी

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सांस्कृतिक भवन प्रांगण में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार जब मॉर्निंग वॉक पर निकले, तो ओपन जिम का नजारा देखकर उनका मन प्रफुल्लित हो उठा। ओपन जिम में बच्चों की मासूम किलकारियाँ और पास के पेड़ों पर चिड़ियों की मधुर चहचहाहट से माहौल को एक अद्भुत ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक भवन के निकट खेल विभाग द्वारा ओपन जिम लगाए जाने के बाद आमजनों एवं बच्चों का रुझान तेजी से बढ़ा है। लोग अब नियमित रूप से कसरत का आनंद उठा रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ-साथ यहां का वातावरण भी सजीव और उत्साहपूर्ण हो गया है। श्री कुमार ने कहा कि ओपन जिम न केवल युवाओं और बड़ों के लिए स्वास्थ्य का केंद्र बन रहा है, बल्कि बच्चों के लिए भी आनंद और प्रसन्नता का स्थल बनता जा रहा है। प्रकृति और स्वास्थ्य का यह सुंदर संगम जयनगर वासियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनता दिख रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ओपन जिम ने न सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई है, बल्कि सामुदायिक जीवन को भी नया आयाम दिया है। बच्चों की खिलखिलाहट और चिड़ियों की आवाज ने इस स्थान को जीवंत बना दिया है।

## जयनगर में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा निर्माण समिति के बैनर तले प्रतिमा अनावरण सह जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र दास एवं संचालन पूर्व मुखिया खगेन्द्र राम, राजकुमार पासवान एवं सुरेन्द्र भाई मोदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, अरमान खान, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम आदि ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण विधायक अमित कुमार यादव ने किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, अधिवक्ता सुखदेव यादव, प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राजनारायण सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, शांति समिति के अध्यक्ष अरमान खान, पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, मुखिया राजकुमार यादव, जनकदेव राम सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर महेंद्र राम, दशरथ राम, इरशाद सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूला गया जुर्माना



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नगर परिषद झुमरीतिलैया के द्वारा लगातार शहर में अतिक्रमण अभियान के साथ-साथ नो पार्किंग में खड़े वाहनों से जुमार्ना वसूला जा रहा है। शनिवार को स्टेशन रोड से झंडा चौक ओवर ब्रिज के दोनों ओर नो पार्किंग में खड़े वाहनों से जुमार्ना वसूला गया। नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि शहर के जितने भी दुकानदार और संस्थान के मालिक हैं वह अपने दुकानों के आगे चार पहिया एवं दोपहिया वाहन ना लगने दे। वाहन खड़ी करने के लिए नगर परिषद द्वारा जगह-जगह पर पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। यह अभियान देर रात तक चलाया गया। जिसमें दर्जनों दो पहिया, चार पहिया वाहन और टोटो से जुर्माना वसूला गया। अभियान में राजस्व निरीक्षक अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार, संतोष प्रसाद, दुलारचंद यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, मिल्टन टंडन, मुकेश राणा, रौशन कुमार समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

# नकली शराब के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड से बिहार तक शराब की तस्करी अलग-अलग तरीके से होती रही है। इस बार रामगढ़ पुलिस ने एक ऐसे शराब तस्कर गिरोह को पकड़ा है, जो स्कॉर्पियो और वैगन-आर जैसी गाड़ियों से अवैध कारोबार कर रहा था। इसका खुलासा एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। साथ ही स्कॉर्पियो और वैगन-आर कार जब्त की गयी है। एसपी ने बताया कि रविवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो से नकली शराब हजारीबाग होते हुए बिहार के हाजीपुर और वैशाली जिला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना के तत्काल बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर पड़ने वाले सभी थाना और ओपी प्रभारी को विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।



**कुजू नया मोड़ पर पकड़ा गया स्कॉर्पियो :** मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा के नेतृत्व में कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद के द्वारा नया मोड़ के सामने एक सफेद रंग के स्कॉर्पियो बीआर 06 पी 2663 को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन चालक पुलिस बल को देखकर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उस स्कॉर्पियो को पकड़ा। पूछताछ के दौरान स्कॉर्पियो ड्राइवर ने अपना नाम मो इस्लाम उर्फ राजा बताया। वह बिहार राज्य के वैशाली जिला अंतर्गत मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। वाहन की तलाशी ली गयी तो उसमें 25 पेटी रॉयल चैलेंज शराब बरामद की गयी। हर पेटी में 750 एमएल की 12 बोतलें थी। कुल 300 बोतल अवैध शराब जब्त किया गया।

छापेमारी दल में मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू अभी प्रभारी मो नौशाद, सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार सहित कुजू ओपी के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## चालक ने बताया, वैगन-आर कार में भी मिलेगी शराब

स्कॉर्पियो ड्राइवर इस्लाम उर्फ राजा से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने वैगन-आर कार के बारे में भी जानकारी दी। उसने बताया कि उसके पीछे से बीआर 06 बीए 0716 वैगन आर कार भी आ रही है। जिसमें संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार मौजूद हैं। उन लोगों के द्वारा भी नकली शराब की तस्करी की जा रही है। वाहन जांच के दौरान कुछ देर में वह कार भी नया मोड़ पहुंच गयी। पुलिस ने उसे भी रोका और दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापटांड निवासी संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार शामिल थे। पुलिस ने कुल 60 बोतलें उस गाड़ी से बरामद की।

## संजीव सिंह ही करता था तस्करी का धंधा

एसपी अजय कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के अवैध कारोबार का मुख्य सरगना संजीव कुमार सिंह ही है। वह पहले भी कई बार शराब की तस्करी कर चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि दो-तीन अलग-अलग गाड़ियों से उसकी टीम हाईवे पर निगरानी करती थी। आगे चलने वाली गाड़ी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी और अन्य गाड़ियों पर निगाह रखती थी। अगर कहीं भी वाहन जांच अभियान चलाया जाता था तो वह पीछे वाली गाड़ी को सूचना देता था।

# जहरीला भोजन खाने से एक की मौत, तीन गंभीर

**मामला गोला के अलगडीहा गांव की, सभी एक ही परिवार के, खाना पकाने के दौरान गिर गयी थी छिपकली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव में विशाक्त भोजन खाने से कोलवा देवी 50 वर्ष की मौत हो गयी। वही उसके पति चमटू महतो, बेटा रमेश महतो एवं पुतव को गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक दिन की तरह कोलवा देवी घर में खाना बना रही थी। सब्जी बनाने के क्रम में दीवाल से छिपकली गिर गयी। छिपकली गिरने की जानकारी उन्हें नहीं हुई। छिपकली पूरे सब्जी में मिल गयी। घर के सभी लोग खेत काम करने गये थे। खेत से लौट कर विशाक्त भोजन सभी से ग्रहण कर लिया। धीरे धीरे सभी की तबियत बिगड़ने लगी। एक ही परिवार से सभी लोगों का तबियत बिगड़ता देख आस पास के लोग जमा हो गये। शक के आधार पर खाना को देखा तो वहां छिपकली पूरी तरह से क्षत विक्षत हो गयी थी। इसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कोलवा देवी की मौत हो गयी। इधर आस पास के लोगों ने विषाक्त भोजन एक कुत्ता और बकरी को दिया। कुछ देरी के बाद दोनों की मौत हो गयी। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# 50 किशोरियों के बीच सैनिटरी पैड का वितरण



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रविवार को गरसुला शिव मंदिर प्रांगण में पच्चास किशोरी बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सहिया साथी लक्ष्मी देवी उपस्थित थीं। वहीं लक्ष्मी देवी ने सभी किशोरी बच्चियों को स्वास्थ्य से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जैसे खान-पान में हरी साग सब्जी, मांस, मछली, अंडा, दूध, दही एवं आयरन की गोली का सेवन करना जरूरी है। बाहरी खाना जैसे डब्बा पैक, कुरकुरे,चौमिन,मैगी समोसा, पिज्जा, बर्गर, नूडल्स नही खाना चाहिए। इस दौरान किशोरी बच्चियों का मलेरिया से बचाव हेतु जांच के लिए सेंपल लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहिया रेशु देवी, संध्या कुमारी, सरिता देवी, संगीता देवी,पियर एजुकेटर साथिया सेना कुमारी,देवन्ती कुमारी,चंदा कुमारी, कंचन कुमारी मौजूद थे।

# रोटरी रामगढ़ सिटी ने दुर्गा मंदिर के पास लगवाया वाटर कूलर




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में शहर के चट्टी बाजार स्थित दुर्गा मंडप के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। इसका शुभारंभ रविवार को रोटरी क्लब के दौरे पर निकले बिहार झारखंड 3250 के डिस्ट्रिक गवर्नर विपिन चचान ने फीता काटकर इनॉग्रेशन किया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी ने ठंडा जल का वाटर कूलर लगाने की यह उचित जगह चुनी है। यह मंदिर के सामने है और इसे निकालने निकालने वाली ठंडे पानी से कई लोग लाभान्वित होंगे। वही, रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम यह कार्य कर पा रहे हैं। दुर्गा मंडप के अध्यक्ष राहुल मजूमदार एवं सचिव विक्रम प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष कौशिक सिंह उर्फ भीम, युधिष्टिर सिंह ने रोटरी रामगढ़ सिटी की इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिव सूरज अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन हरीश चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, आदर्श चौधरी, उमेश राजगढ़िया, रोहित पंसारी, रूपेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, दीपक खड़ेलवल, भरत गोयल, विशाल अग्रवाल, मनोज मोदी, दीपक अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**युवती से यौन शोषण का मामला**

# महिला थाना प्रभारी पर जांच में लापरवाही बरतने का आरोप, एसपी ने किया सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के नइसराय, महतो टोला में पायल कुमारी के साथ लैंगिक अपराध हुआ था। इस मामले की जांच में महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर ने भारी लापरवाही बरती थी। एसपी के द्वारा दिए गए निर्देशों का भी अनुपालन नहीं कर पायी थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इस लापरवाही को बेहद गंभीर आरोप माना है। उन्होंने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि आवेदिका के आवेदन की जांच में शिथिलता बरती गयी। जिसकी वजह से पायल ने अपने शरीर में आग लगा ली। इस मामले में उन्होंने महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर को निलंबित कर दिया है।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि पायल कुमारी के बयान पर 24 अप्रैल को महिला थाना में कांड संख्या 6/25 दर्ज किया गया था। बीएनएस की धारा 69, 352, 115 (2), 61(2) धारा के तहत सुमित कुमार, पप्पू सिंह, आलोक सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। सभी वेस्ट बोकारो ओपी के ड्राइवर हार्ट के रहने वाले हैं। उन तीनों लोगों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने विशेष टीम का गठन किया। मुख्य आरोपी सुमित कुमार, पप्पू सिंह और आलोक सिंह को रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## शादी का झांसा देकर पायल का किया गया यौन शोषण

एसपी अजय कुमार ने बताया कि पायल कुमारी का यौन शोषण सुमित कुमार के द्वारा शादी का झांसा देकर किया गया था। जब पायल को ऐसा लगा कि सुमित उसे धोखा दे रहा है, तो वह न्याय के लिए पुलिस के पास पहुंची। एसपी ने तत्काल पहल करते हुए महिला थाना प्रभारी को पूरे तथ्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। महिला थाना प्रभारी लगातार टालमटोल करती रही, जिसकी वजह से पायल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भी पहुंची। एसपी ने बताया कि महिला लैंगिक अपराध एवं पोस्को एक्ट से संबंधित कांडों का त्वरित अनुसंधान समय पर करने का निर्देश दिया गया था। महिला लैंगिक अपराध एवं पोस्को एक्ट से संबंधित कांडों की समीक्षा भी की गयी थी। ऐसे मामलों को 60 दिनों के अंदर निष्पादित करने को कहा गया था। लेकिन इस मामले में भारी लापरवाही बरती गयी।

# कुल्लु मोड़ के पास एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त चालक घायल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के गंधरिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में घायलों को शनिवार की रात लगभग 12 बजे हजारीबाग से छोड़कर लौट रहे 104 नंबर डायल से उपलब्ध एंबुलेंस चतरा के कुल्लू मोड़ के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार एक हाइवा द्वारा चकमा देने के कारण एंबुलेंस एक बिजली के खंभे से जा टकरायी और चालक अमर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को चतरा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हाइवा वाहन ने अमर कुमार को अचानक चकमा दे दिया, जिससे वह अपने एंबुलेंस को नियंत्रित कर पाता, तब तक एम्बुलेंस एक पोल से जा टकराया। एम्बुलेंस गंधरिया में दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो में घायल मरीजों को हजारीबाग सदर अस्पताल छोड़कर वापस आ रहा था।

# घर में आग लगने से लाखों के सामान जलकर हुए राख



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रतापपुर/ चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के बधार गांव के एक घर में आग लग गयी। जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घर में आग उस वक्त लगा जब घर की महिलाएं खाना बना रही थीं। घर की महिलाएं आग की लपटें तेज होते देख शोर मचाया। तब ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद लगभग दो घंटे के कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया। भुक्तभोगी चंद्र यादव व उनकी पत्नी मुनवा देवी ने बताया की आग लगने से घर मे रखें, चावल, गेंहू, सरसो, सहित कई अन्य सामग्री जलकर भस्म हो गया। परिवार के लोगो ने बताया कि आगामी 21 मई को बेटी की शादी है और उसकी सारी तैयारी हो चुकी थी, शादी को लेकर कपड़े आदि की भी खरदारी हो गयी थी जो उसी घर मे रखा हुआ था और सारा जल गया। हालांकि घटना के जानकारी अंचलाधिकारी विकास टुडु को दिया गया और घटनास्थल पर पहुंचकर आगजनी की घटना की जानकारी अंचलाधिकारी ने ली। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन के ओर से मुआवजे का प्रावधान किया जायेगा।

# अटल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने यशवंत सिन्हा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पूर्व वित्त सह पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा को अटल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी अंशु गुप्ता ने बधाई दी है। अंशु गुप्ता ने कहा कि पार्टी संगठन में यशवंत सिन्हा का राजनीतिक अनुभव एवं कौशल से समाजवादी नीतियों को बढ़ाने में बल मिलेगा। वहीं, अटल विचार मंच राष्ट्रीय स्तर पर नई उंचाई पर पहुंचेगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। बताते चलें कि डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में कार्यकर्ताओं ने पुन: यशवंत सिन्हा को अटल विचार मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। जिसके बाद पार्टी की स्थानीय इकाई ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# गंधरिया सड़क हादसे पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने जताया शोक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता चतरा सदर प्रखंड के इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग स्थित ग्राम गंधरिया के समीप हुए सड़क दुर्घटना की सूचना पर बेहद गहरा दु:ख व्यक्त किया है। साथ ही ईश्वर से दुर्घटना में मृतकों के आत्मा की शांति की कामना की एवं घायलों को जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। ज्ञात हो कि लावालौंग प्रखंड के ग्राम रखेद के एक परिवार के लोग इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर से पूजा कर स्कोर्पियो से वापस लौटने के क्रम में ग्राम गंधरिया में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिससे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी एवं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

# अमीन प्रशिक्षण परीक्षा का डीसी ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला अंतर्गत डीएमएफटी के माध्यम से संचालित ट्रेंड एंड सर्टिफाइड 180 अमीन परियोजना के तहत रविवार को प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया। इस दौरान डीसी चंदन कुमार ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। डीसी द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उपस्थित केंद्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। परीक्षा में कुल 894 में 781 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीडीसी रोबिन टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत, श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# टंडवा व्यावसायिक संघ ने पहलगाम हमले में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। व्यवसायिक संघ टंडवा ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों के लिए टंडवा में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। व्यवसायिक संघ के विकास गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ अब आर पार की जंग हो। देश के 140 करोड़ लोग मोदी सरकार के साथ है। इस मौके पर व्यावसायिक संघ अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता, सुभाष सिंह, पिंटू कुमार, रिंकू गुप्ता, संतोष कुमार, मदन भगत, गणेश कुमार, दिलीप नायक, रोशन ठाकुर, मैनेजर साहब कालेश्वर गुप्ता, अजय कुमार सैकड़ो व्यवसाय उपस्थित थे।

**झारखंड राज्य डीलर्स कार्यकारिणी समिति बैठक**

# राज्यपाल और सीएम को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले रजरप्पा स्थित रजरप्पा गोला मार्ग पर संस्कार होटल में झारखंड इकाई राज्य स्तरीय डीलर कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने किया संचालन हरिहर सिंह मुंडा ने किया। राज्य स्तरीय बैठक में पूरे झारखंड प्रदेश के 24 जिला से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उक्त बैठक में बताया गया कि झारखंड में 25000 जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को पिछले पांच माह से कमीशन के साथ कई अन्य बकाया राशि नहीं मिल पाया है। जिससे गहरी चिंता व्यक्त किया है कमिशन का




लगातार बकाया रहने की परंपरा को समाप्त करने की मांग की गयी है। सभी मांगों पर समुचित कार्रवाई अब तक राज्य सरकार से मिलने की कोई सूचना नहीं है इसलिए राज्य कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार 5 मई 2025 को सभी जिला मुख्यालय में अपनी मांग के समर्थन में विभागीय उदासीनता के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में झारखंड सरकार के समक्ष 10 सूत्री मांगे रखी गयी है जिसे सौंपा जायेगा। अप्रैल 2025 तक से सभी बकाया कमीशन का कोरोना अवधि कल से अब तक की सभी राशि भुगतान किया जाये, 4जी की ई पॉश मशीन सभी दुकानों में अभिलंब भेजा जाये, भारत सरकार के आदेश का का अनुपालन करते हुए बिक्री पंजी भंडार पंजी की बाध्यता को समाप्त किया जाये, इलेक्ट्रॉनिक कांटे का सत्यापन और मेंटेनेंस विभाग के द्वारा संधारित किया जाये, राज्य खाद्य सुरक्षा योजना दाल चावल नमक के कमिशन का पूरा भुगतान नहीं हो रहा है समय पर इस भुगतान की व्यवस्था किया जाए, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, बायोमेट्रिक मशीनों के पहले प्रतिदिन वितरण के उपरांत वितरण दर्शाया जाता था जिसे अवशेष की जानकारी दी जाती थी उसे चालू कराया जाये इस तरह से 10 सूत्री मांगे रखी गयी है। अगर जल्दी मांग पूरी नहीं की गयी तो आने वाला समय में राज्य सरकार और विभाग के इस उदासीनता से तुरंत राज्य के विक्रेता संघ द्वारा पूरे राज्य स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है अपनी मांग पत्र को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंपने का निर्णय लिया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रेस क्लब ने निकाला कैंडल मार्च

**आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश में है आक्रोश, आतंकियों को मिले कड़ी सजा : बीरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में रविवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। प्रेस क्लब भवन से रामगढ़ जिले के पत्रकार कैंडल लेकर निकले और सुभाष चौक तक पहुंचे। सुभाष चौक पर 2 मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश की जनता आक्रोशित है।




जिस जम्मू कश्मीर में शांति के लिए भारत सरकार ने पहल की, उस स्थान पर एक बार फिर आतंकियों ने खून बहाया है। पाकिस्तान की धरती से भारत में घुसे आतंकियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। आज उस मस्तक पर धर्म पूछ कर हमला किया गया है। भारत पहले से ही शांति का पक्षधर रहा है।

**पूरा देश आतंकी हमले के शिकार हुए परिवारों के साथ खड़ा है : धनेश्वर**

मौके पर क्लब के सचिव धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि जब भी भारत पर किसी ने हमला किया है, उसे बक्शा नहीं गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूरा देश आतंकी हमले के शिकार हुए परिवारों के साथ खड़ा है।

मौके पर पीसीआर उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव नारायण दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह भाटिया सौरभ नारायण सिंह, तरुण बागी, अनिल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पटेल, राजेश्वर प्रसाद, आशीष सिंह, राजू कुमार, अजय कुमार पासवान, आशीष सिंह, हीरा सिंह, मो सनाउल्लाह, विनीत शर्मा सहित रविंद्र कुमार रवि, धनंजय कुमार पुटूस, प्रो संजय सिंह, डीएन तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, कुलदीप वर्मा सहित विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित मांस खरीद-बिक्री मामले में 4 नाबालिग सहित 10 गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर प्रतिबंधित गौ मांस के साथ चार नाबालिग सहित प्रतिबंधित मांस खरीद बिक्री करने वाले कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। इसके अलावा आठ से दस गाय भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार गौ तस्करों में कसाई मोहल्ला ओर खानका मस्जिद रोड़ निवासी मो एहतेशाम, मो आरीफ, मो अरबाज, मो शाहिद, मो अकरम सहित चार नाबालिग व एक महिला शामिल है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को सूचना मिली थी कि शहर के खानका मस्जिद रोड़ और कसाई मुहल्ला में प्रतिबंधित गौ मांस की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना के आलोक में खानका मस्जिद और कसाई मुहल्ला में छापेमारी अभियान चलाया।

**न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कटक**
**सिविल प्रक्रिया संख्या 464/2023**
**राकेश गुप्ता .......याचिकाकर्ता**
**वनाम**
**प्रिया कुमारी .......प्रतिवादी**
**सूचना आदेश-5, नियम-20(1ए), सीपीसी, 1908 के अंतर्गत** सूचना दी जाती हे कि याचिकाकर्ता ने उपरोक्त वर्णित सिविल प्रक्रिया दायर की हे, जिसमें दिनांक 12.03.2025 को सम्पूर्ण विभाग को हिंदू विभाग अधिनियम 1955 की भाग 13 के तहत डिक्री दारा भंग करने का निवेदन किया गया हे, इस सिविल प्रक्रीया में आपको आवश्यक पख्यकार के रूप में छोड़ा गया हे एनवीसीविल प्रक्रिया का समन आपको दो वार दोनों माध्यमों में भेजा गया था, लेकिन वय सेवा न हो पाने के कारण आपस आ गया.
अत: आपको निर्देश दिया जाता हे कि आप इस माननीय न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप में या अपने अधीकृत अधिवक्ता के माध्यम में प्रात 07.30 बजे 17.05.2025 को उपस्थित हो। वरना, यह सिविल प्रक्रिया आपकी अनुपस्थिति में विधि आनुसार सुनवाई कर निपटाई जाएगी।
न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 24.04.25 को मेरे हस्ताक्षर में जारी
Sd-
न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
कटक

# तिलमिलाया पाक

कहते हैं न कि किसी का हुक्का-पानी बंद करने से बड़ी सजा कुछ नहीं होती। अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे पाकिस्तान के साथ भारत ने जैसे को तैसा वाला जवाब देकर तिलमिला दिया है। अब अपनी सफाई में पाकिस्तान कुछ भी कहे, लेकिन दुनिया को पता है कि वह पहलगाम आतंकी हमले जैसी जहरीली, अमानवीय और कायराना हरकतों के इंतजार में था। आगे निश्चित रूप से वहां गृह युद्ध जैसे हालात बनने ही हैं, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। अभी तो भारत ने केवल पाकिस्तान के पानी पर चाबुक चलाया है, जबकि दूसरे तमाम सख्त कदम बाकी हैं। सिंधु जल संधि के तहत पिछले 6 दशकों से भारत को ब्यास, रावी और सतलुज नदियों के पानी का हक मिला था तो 3 पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम के पानी पर पाकिस्तान का भी हक था। भारत ने इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर बहुत ही सख्त संदेश पाकिस्तान और दुनिया को दिया है। वहां पहले से ही जबरदस्त पानी की किल्लत है, अब मुसीबतें और बढ़ी हैं। भारत ने यह कदम उस समय लिया जब मई में दोनों देशों के जल आयुक्तों की बैठक होनी है और 1 जून को दोनों सरकारों को निरीक्षण दौरे या नदियों में जल प्रवाह के डेटा की नयी रिपोर्ट सौंपी जानी है। खिसियाया पाकिस्तान भले ही कहे कि भारत पानी नहीं रोक सकता, क्योंकि उसके पास अभी ऐसे संसाधन नहीं हैं ताकि इन नदियों के पानी का भंडारण कर सके। लेकिन देर-सवेर पाकिस्तान को बताये बिना इन नदियों पर बनाये जा रहे बांधों, बैराजों या जल भंडारण के बुनियादी ढांचों के डिजाइन बदलने से, पाकिस्तान को लंबा और भारी नुकसान पहुंचा सकता है। अब एकाएक निलंबित करना भारत की बड़ी रणनीतिक और कूटनीतिक चाल मानी जा रही है। आखिर भारत कब तक झेले। यदि यह समझौता पूरी तरह से खत्म हो गया तो पाकिस्तान सूखे की जद में आ जायेगा। वहां के लोगों को पानी की भारी किल्लत होगी और ऐसी कि उसे भिखारी की तरह हाथ तक फैलाने पड़ सकते हैं। आखिर भारत कब तक झेले? स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजी हुकूमत के दौरान दक्षिणी पंजाब में सिंधु नदी घाटी पर एक बड़ी नहर बनवाई गई थी। विभाजन के बाद इसका पूर्वी हिस्सा भारत और पश्चिमी हिस्सा पाकिस्तान के हिस्से में आया। नहरों को भी तभी बांटा गया। बहाव बनाए रखने के लिए एक समझौता भी हुआ। 1947 में 20 दिसंबर को हुए एक समझौते के तहत पानी का तय हिस्सा भारत द्वारा 31 मार्च 1948 तक पाकिस्तान को देने पर करार हुआ। पाकिस्तान को इस संधि से अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत पानी सिंधु नदी से मिलता है। जिससे उसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि हरी-भरी रहती है। इसी पानी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा सिंचाई में उपयोग होता है और जिस पर 23 करोड़ से ज्यादा लोगों की निर्भरता है। निश्चित रूप से भारत की ओर से इस कड़े रुख को पहले कदम के रूप में देखा जा रहा है।

**आखिर भारत कब तक झेले। यदि यह समझौता पूरी तरह से खत्म हो गया तो पाकिस्तान सूखे की जद में आ जायेगा। वहां के लोगों को पानी की भारी किल्लत होगी और ऐसी कि उसे भिखारी की तरह हाथ तक फैलाने पड़ सकते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ज्ञान का ऐश्वर्य किसी किताब या व्यक्ति का मोहताज नहीं होता है। यह व्यक्ति के भीतर एक स्वाभाविक संपदा होती है। इसे बढ़ाने के लिए व्यक्ति को खुद अंतर्यात्रा पर जाना होता है। एक बीज जब तक जमीन के अंदर दबता नही है, तपता नहीं है, तब तक वह वृक्ष नहीं होता है। बीज भी अगर फूल और पत्तों की यात्रा करने लगे, तो वह वृक्ष कदापि नहीं हो पायेगा। इसी प्रकार भौतिक जगत की संपन्नता से ज्ञान का विकास नहीं होता है।**

# ज्ञान के बाजार में 'मनुष्य' की खोज



डॉ मयंक मुरारी



एक ग्रीक दार्शनिक डायोजनीज शिक्षाविदों और बौद्धिक धुरंधरों से भरे अपने नगर में दिन में लालटेन लिये चले जा रहे थे। एक ने पूछा-दिन में लालटेन लिये कहां जा रहे हैं? डायोजनीज ने कहा कि ज्ञानियों के बीच मनुष्य खोजने निकला हूं। आज सूचनाओं के युग में ज्ञानवान होना, विचार की बात करना और सुधारवादी होना अरण्यरोदन है। वर्तमान में कूपमंडूकता ही वह शाश्वत चीज है, जिसकी समाज में कद्र है। हां, इसके साथ आपके पीछे फैन फॉलोवर की फौज होनी चाहिए। यह समय का ऐसा दौर है, जहां ज्ञान का दिखावा है, उसकी क्रूर आवाज है और इस आवाज में अपनी-अपनी परिभाषा है। सूचनाओं के दौर में हर एक व्यक्ति ज्ञान के समुद्र के समान है। कदाचित इसलिए ही अलबरूनी ने लिखा कि सामान्य भारतीय अपने ज्ञानकूप में रहते हैं और उसका पूरा रौब है।

ज्ञान का ऐश्वर्य किसी किताब या व्यक्ति का मोहताज नहीं होता है। यह व्यक्ति के भीतर एक स्वाभाविक संपदा होती है। इसे बढ़ाने के लिए व्यक्ति को खुद अंतर्यात्रा पर जाना होता है। एक बीज जब तक जमीन के अंदर दबता नही है, तपता नहीं है, तब तक वह वृक्ष नहीं होता है। बीज भी अगर फूल और पत्तों की यात्रा करने लगे, तो वह वृक्ष कदापि नहीं हो पायेगा। इसी प्रकार भौतिक जगत की संपन्नता से ज्ञान का विकास नहीं होता है। भौतिक वस्तुओं के विकास के कारण ही शरीर और मन भारी होता जा रहा है और आत्मा दिन व दिन हल्का। आत्मा को हल्का और आलोकित करने के लिए ज्ञान के पथ का राही बनना होता है। यदि हमारे छोटे अंतकरण के भीतर ईश्वर दिखायी पड़ता है, तो वह समूचे विश्व में उदभाषित परम ज्ञान का आलोक है। ज्ञान का पथ उस भीतरी ईश्वर की ओर आरोहण है। ज्ञान का दो भेद है। एक ज्ञान बौद्धिक है और दूसरा ज्ञान चैतन्य है। बौद्धिक ज्ञान को बाहर जाना जाता है, तो चैतन्य ज्ञान हमारे अंदर से प्रकट होता है। एक ज्ञान केवल जानना, जानकारी, बौद्धिक समझ। दूसरा ज्ञान है - अनुभूति, प्रज्ञा, जीवंत प्रतीति। एक मृत तथ्यों का संग्रह है, एक जीवित सत्य का बोध है। दोनों में बहुत अंतर है - भूमि और आकाश का, अंधकार और प्रकाश का।

**आज व्यक्ति खुद को और अपने परिवार को कमतर आंकता है। समाज और परिवार गौण हो गया, पार्टी और विचार ही सर्वोपरि हो गया।**

वस्तुतः बौद्धिक ज्ञान कोई ज्ञान नहीं है। वह ज्ञान का भ्रम है। क्या नेत्रहीन व्यक्ति को प्रकाश का कोई ज्ञान हो सकता है? बौद्धिक ज्ञान वैसा ही ज्ञान है। सत्य-ज्ञान बाहर से नहीं आता है और जो बाहर से आये, जानना कि वह ज्ञान नहीं है, मात्र जानकारी ही है। ऐसे ज्ञान के भ्रम में गिरने से सावधानी रखनी आवश्यक है। उत्पत्ति और विनाश से रहित नित्य चैतन्य को ज्ञान कहते हैं।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने ज्ञानकी बड़ी अद्भुत व्याख्या की है। इसमें लक्ष्मणजी का प्रभु श्रीराम से संवाद है, जिसमें वह ज्ञान की परिभाषा का आग्रह करते हैं। इस पर श्रीराम जी कहते है कि -ग्यान मान जहं एकउ नाहीं, देख ब्रह्मसमान सब माहीं। यानी ज्ञान उसको कहते हैं, जहां व्यक्ति मान-अपमान के द्वंद्व से रहित हो और सबमें ही ब्रह्म का दर्शन करे। एक वैदिक उक्ति है कि सभी दिशाओं से उदात्त विचारों को आने दो। आ नो भद्राः क्रत वो यंतु विश्वतः द्ध।

आज व्यक्ति खुद को और अपने परिवार को कमतर आंकता है। समाज और परिवार गौण हो गया, पार्टी और विचार ही सर्वोपरि हो गया। भारत में ज्ञान और ज्ञानियों की एक परंपरा रही है। ऐसे ज्ञानी थे, जिसका जीवन बहुत सामान्य था। वे सादगी से रहते थे। यहां तक की वे नंगे रहते थे। फेंकी हुई कंथा, वल्कल या कृष्ण वर्ण का मृगचर्म पहनते थे। ऐसे ही दंडमिस ऋषि के ज्ञान से विश्वविजेता सिकंदर भी परास्त हो गया। आज दिखावट और सजावट का ज्ञान हो गया। एक समय था कि राजा मंत्रियों के साथ पूर्णिमा रात्रि का आनंद लेते हुए अक्सर ब्राह्मण या श्रमण को बुला कर रात में संवाद और चिंतन के माध्यम से अपने चित्त को संतुष्ट करते थे। मिनांडर और नागसेन की चर्चित संवाद सभी ज्ञानियों को आज भी उद्वेलित करता है।

प्राचीन ज्ञानियों और आधुनिक युग के बुद्धिजीवियों के जीवन और चिंतन में कोई तुलना ही नहीं है। वाकपटुता ज्ञान नहीं होता, संपर्क की क्षमता से ज्ञानवान परिभाषित नहीं होते और सामान्यजन के चित्त को संतुष्ट करना भी ज्ञानियों का काम नहीं है। प्राचीन काल से ज्ञान के लिए संवाद को, शासत्रार्थ को और विचार-मंथन को जरूरी माना गया। आधुनिक युग के ज्ञानियों की परिभाषा में ज्ञानवान होना पूर्व निर्धारित है। आप इस मत या पंथ के है, तो ज्ञानवान है, अन्यथा नहीं। परंपरावादी होना दकियानूसी है और बाल का खाल निकलना आधुनिकता का मापदंड है। हम यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि जो हम जानते हैं, उसके बाहर भी ज्ञान हो सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की एक खूबी है, यह सदैव नूतनता का पोषण करता हैं, तो निरंतरता के साथ पुनर्रचनात्मकता का प्रश्रय देता है। सदैव नये विचार और आकांक्षा को प्रोत्साहित किया गया, तो पुराने को समयानुकूल बनाया गया। इतिहास में वर्णन है कि वाल्मीकि रामायण में सीता की भूमिगमन को भवभूति स्वीकार नहीं कर पाते। वे उत्तररामचरित में सीता को पृथ्वी से बाहर लाते हैं और दुखी राम अपनी पत्नी वापस पाते हैं। नूतनता के साथ सार्थकता से बाहर जाने पर साहित्य और साहित्यकार भी समाज और समय द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। कालीदास महानतम कवि है लेकिन वह कुमारसंभव ग्रंथ को पूरा नहीं कर पाते है, क्योंकि वह समाज को अस्वीकार्य सृजन की चेष्टा करते है। समय की अद्दश्य शक्ति उनको ऐसा नहीं करने देती। वर्तमान में हमारी ज्ञानी कुछ भी रचकर, बेंच कर और बोल कर बस प्रसिद्ध होना चाहते हैं। भारतीय ज्ञान की विद्रूपता है कि आधुनिक बुद्धिजीवी श्रीराम को मिथक कहता है, लेकिन रावण को इतिहास का अंग बतायेगा। सवाल है कि 19वीं सदी से पहले किस तमिल ग्रंथ में है कि रावण द्रविड़ है!

एक समय था कि ऋषिसत्ता सर्वोपरि था, जहां ज्ञान और ज्ञानियों के समक्ष राजसत्ता झुकता था आज राजसत्ता सबसे ऊपर है। धन की सत्ता को बहुत महत्त्व है। जब हम यह देखते है ,तो यह भूल जाते है कि भारत के मानस ने सदैव निद्वंद्व होकर अपनी आवाज बुलंद की है। यहां चार्वाक की परंपरा है, तो यज्ञविरोधी भृगु की भी परंपरा है। यहां कबीर है, तो नानक और तुलसी भी है।

भारतीय जीवन में मनुष्यता के विकास को सर्वोपरि मानदंड ज्ञान ही है। जीवन के लिए भोजन भी चाहिए, कपड़ा भी चाहिए, मकान भी चाहिए, राज्य और धन भी चाहिए क्योंकि जीवन के लिए ये सभी जरूरी हैं, परंतु यहां सब केवल जीवन के लिए हैं। हमने इस जीवन के ही परम साध्य बन लिया, जबकि मानव जीवन का परमसाध्य तो ज्ञान ही हो सकता है। किंतु मनुष्यता का सारसर्वस्व तो उसके ज्ञान में ही निहित है। आवश्यक तो जीवन के लिए सभी कुछ है, लेकिन यह ज्ञान ही मनुष्य को उठा सकता है। मनुष्यता का विस्तार कर सकता है।

## कोल्हान की खबरें

# झामुमो मानगो नगर समिति ने पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में उग्रवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। रविवार को झामुमो का कैंडल मार्च डिमना चौक में बाबा तिलका माझी चौक से क्षेत्र का भ्रमण कर पुणे तिलका मांझी चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद उग्रवादियों के खिलाफ जम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से इस दर्दनाक घटना के गुनहगारों को जल्द से जल्द खोज कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर महावीर मुर्मू, प्रभात सिंह, मोहम्मद मुस्ताक, कृष्णा हसदा, बबलू अख्तर, रानी सिंह, नीलम तिवारी, विजय नीरलगी, मोहम्मद शहाबुद्दीन, रघुनाथ सोरेन, सनातन हंसदा, रंजीत देव, संजू कुटिया, राजू श्रीवास्तव, विश्वनाथ महतो, मोहम्मद रियाज, रतन वरजो, रवि शंकर और मुकेश लोहार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवती बरामद, अपहरण का आरोपी हुआ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के झिमड़ी गांव से अपहृत युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही अपहरण के आरोप में तस्लीम अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना बीते गुरुवार रात की है।आरोपी ने हथियार के बल पर युवती का अपहरण कर लिया था। परिजनों की लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की। घटना के दो दिन बाद कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के घर पर हमला कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। हालात बिगड़ने पर ग्रामीणों ने तीन दुकानों और एक घर में आगजनी कर दी।पुलिस पर पथराव भी किया। जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए।फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है।कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी।

# घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने फायरिंग मामले में चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** परसूडीह थाना क्षेत्र के घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने बीते 22 अप्रैल को हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया। रविवार को पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में तुरियाबेड़ा ब्लू बेल्स हाई स्कूल के पास रहने वाले गणेश कर्मकार,तुरियाबेड़ा निवासी अविनाश कुमार,

परसूडीह गोल पहाड़ी निवासी सौरभ सिंह उर्फ तोड़े,कदमा शास्त्री नगर निवासी राजू मौर्य शामिल है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने जानकारी दी सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। जांच में सामने आया आरोपी सौरभ सिंह उर्फ तोड़े के खिलाफ सीतारामडेरा थाना में हत्या और लूट के मामले मामले दर्ज हैं। घटना के दिन बाइक सवार बदमाशों ने जेल के सामने फायरिंग कर एक धमकी भरी पर्ची फेंकी थी।जिसमें अभिजीत मंडल उर्फ कांडी का नाम लिखा था। फिलहाल सभी आरोपियों को नायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं में भी जांच की जा रही है।

# जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मनमोहन सिंह

## सचिव का पदभार पुनः सिकंदर महतो को मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** अटल पार्क में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन का एजीएम सह चुनाव का आयोजन किया गया। रविवार को चयन समिति के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से मनमोहन सिंह को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद पर पूर्व में जिम्मेदारी को कुशलतापूर्वक निभाने वाले सिकंदर महतो को पुनः चुना गया। कमेटी के विस्तार में गणेश चंद्र महतो को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि लक्ष्मण महतो, फादर रमेश और नित्यानंद महतो को उपाध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ सह सचिव पद के लिए करमू मंडल, नरेंद्र महतो, श्वेता महतो और कमल नयन का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में विष्णु नारायण सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गयी। नयी कार्यकारिणी में प्रियंका पात्रो, दामोदर जामुदा, मनीषा यादव, प्रीति कुमारी, शिव कुमार प्रधान, शंकर महतो, विष्णु उरांव और लखन सरदार को कार्यकारी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। विभिन्न समितियों के अध्यक्षों का भी मनोनयन हुआ, जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष सिकंदर महतो एवं विष्णु नारायण सिंह, चयन समिति के अध्यक्ष गणेश महतो एवं सुजीत रजक, तकनीकी समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार एवं करमू मंडल व आयु सत्यापन समिति के अध्यक्ष लखन महतो, राजेंद्र महतो और राजेश नाग बनाये गये। नये कमेटी आगामी चार वर्षों तक कार्यभार संभालेगी। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिंद्र सिंह और दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के मन की बात से जुड़ा नमन परिवार

## शहीद परिवार एवं पूर्व सैनिकों में उमंग और गर्व का संचार

## भारत माता की जय से गूंज उठा कालीमाटी रोड

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें संस्करण से रविवार को पूरे झारखंड में केवल जमशेदपुर के नमन संस्था को प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ। इस विशेष आयोजन में शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों को सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ने और उनके विचार सुनने का अवसर मिला। आयोजन का उद्देश्य देश के लिए बलिदान देने वाले परिवारों के अदम्य साहस को सम्मानित करना और राष्ट्रीय एकता एवं गौरव की भावना को सशक्त करना था। कार्यक्रम का आयोजन नमन संस्था के तत्वावधान में हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत में नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने उपस्थित सभी वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया।

श्री काले ने बताया कि झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित पूरे पूर्वी भारत से केवल नमन का चयन मन की बात से प्रत्यक्ष जुड़ने के लिए हुआ, जो जमशेदपुर और पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर-के श्री काले ने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

मन की बात के बाद आयोजित सम्मान समारोह में वीर नारी दुर्गावती देवी, सुनीता शर्मा, पद्मजा, सीमा देवी, हवलदार दलवीर सिंह, सूबेदार रामभवन राम, हवलदार माणिक वर्धा, हवलदार जसबीर सिंह, हवलदार सत्येंद्र सिंह, हवलदार मोहन दुबे, सूबेदार केएम सिंह, नायक गौतम लाल, सार्जेंट दीपक शर्मा, हवलदार विजय कुमार, हवलदार विनय कुमार यादव सहित अन्य शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में शामिल शहीद परिवारों ने अपने भावनात्मक अनुभव साझा किये और प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में व्यक्त विचारों से प्रेरित होकर देशभक्ति के संकल्प को और प्रगाढ़ किया। नमन संस्था ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सेवा भाव को प्रोत्साहित करते रहने का संकल्प दोहराया. इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्व की पूर्व विधायक पूर्णिमा दास साहू, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के संस्थापक वरुण कुमार, महामंत्री जितेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह, सतिंदर कुमार सिंह, उमेश शर्मा, राजीव कुमार, विश्वजीत, अजय सिंह, पंकज शर्मा, अजय कुमार तिवारी, अनुपम शर्मा एवं अन्य पूर्व सैनिक परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नमन के संरक्षक बृजभूषण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय, भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, संजीव सिंह , जितेंद्र चावला, राघवेंद्र शर्मा, साहित्यकार बलविंदर सिंह, बिमल बिरोडकर, राजपति देवी, नीरू सिंह तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# एसडीओ ने अनधिकृत गैस गोदाम और दो मेडिकल स्टोर को किया सील

**शहरी क्षेत्र से हटाने का दिया गया था निर्देश, आदेश की अवहेलना पर की गयी कार्रवाई**

**कांडी और मझिआंव की दवा दुकानों में हुई औचक छापेमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को मझिआंव मेन रोड में स्थित उजाला एचपी ग्रामीण गैस वितरक के कार्यालय परिसर में ही बने अनाधिकृत गैस गोदाम को सील कर दिया। उन्होंने पिछले दिनों इस ग्रामीण वितरक एजेंसी के विरुद्ध मिली जन शिकायत के आलोक में एजेंसी मालिक को गोदाम शिफ्ट करने का नोटिस तथा कारण पृच्छा किया गया था, किंतु एसडीओ के आदेश की अवहेलना करते हुए एजेंसी की ओर से न ही कारण पृच्छा समर्पित किया गया और न ही गैस गोदाम को निर्धारित स्थल पर शिफ्ट किया गया। इस पर रविवार को संजय कुमार ने गोदाम पर औचक छापेमारी की, जहां पर 46 सिलेंडर भरे हुए तथा 130 खाली सिलेंडर पाये गये। संजय कुमार ने गोदाम के मालिक की अनुपस्थिति में गोदाम संचालक के पुत्र शादाब आलम को 40 सिलेंडर बाहर निकलवा कर इस शर्त के साथ दे दिये कि वे करमडीह स्थित अपने अधिकृत गोदाम में इनको शिफ्ट करवा दें। गोदाम के अंदर रखे खाली सिलेंडरों सहित गोदाम को मौके पर ही सील कर दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि वे लिखित स्पष्टीकरण तथा पूर्व अनुमति के बगैर उक्त गोदाम को नहीं खोलेंगे तथा किसी भी परिस्थिति में शहरी क्षेत्र में अवस्थित इस कार्यालय में भरे हुए सिलेंडरों का भंडारण नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में एसडीएम के द्वारा अवैध गैस गोदामों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

वहीं सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को कांडी तथा मझिआंव क्षेत्र में पांच दवा दुकानों पर औचक छापेमारी की। छापामारी के क्रम में कांडी तथा मझिआंव में क्रमशः एक-एक मेडिकल स्टोर अनाधिकृत तौर से संचालित पाये गये, जिन्हें मौके पर ही इस शर्त साथ सील करवा दिया गया कि ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा अग्रेतर कार्रवाई होने तक उसे किसी कीमत पर नहीं खोला जायेगा। संजय कुमार ने बताया कि कांडी मेन रोड में संचालित दवा दुकान भास्कर ड्रग स्टोर में औचक छापेमारी के दौरान संस्थान के मालिक रत्नेश गुप्ता पिता से जब लाइसेंस दिखाने की मांग की गयी तो उन्होंने जो लाइसेंस प्रस्तुत किया, वह प्रतिबंधित कोटि का था अर्थात उन्हें कुछ सामान्य प्रकृति के ड्रग्स ही बिक्री करने थे किंतु मौके पर बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक तथा इंजेक्शन आदि दवाईयां मिलीं, जो प्रथम दृष्टया लाइसेंस की अनुमन्यता से बाहर थे। संजय कुमार ने इसकी सूचना ड्रग इंस्पेक्टर को दी, चूंकि ड्रग इंस्पेक्टर तुरंत वहां आने में असमर्थ थे इसलिए संजय कुमार ने दुकान को मौके पर ही इस शर्त के साथ सील कर दिया कि ड्रग इंस्पेक्टर के आने तक न तो दुकान का सामान हटायेंगे, न दुकान को खोलेंगे और न ही दुकान का सीसीटीवी बंद करेंगे।

इसी प्रकार मझिआंव में नौशाद मेडिकल स्टोर के संचालक मजहर अली अंसारी के पास भी थोक विक्रेता वाली अनुज्ञप्ति मिली, जबकि वह रिटेल का काम करते पाये गये, साथ ही प्रतिबंधित दवाओं का भी कारोबार उनके यहां पाया गया। इस संबंध में भी ड्रग इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश देते हुए संजय कुमार ने दवा दुकान को सील कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने बताया कि वे कल सोमवार को उपरोक्त दोनों मेडिकल स्टोर जाकर संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# गढ़वा के छात्र शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं : अलखनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, ऊंचरी मझिआंव के तीन होनहार छात्रों ने जिले का नाम रोशन किया है। पलामू जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आयोजित चयन ट्रायल में अविनाश कुमार गुप्ता, अरुण यादव और हंसराज का चयन झारखंड राज्य के खूंटी में आयोजित होने वाली 10वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस शानदार उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार खुशी का माहौल है।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता और सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया विद्यालय के प्ले टीचर जय गोविंद ठाकुर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने कहा कि तीनों खिलाड़ी मेहनती, अनुशासित और समर्पित हैं, और हमें विश्वास है कि ये राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा नेता श्री अलखनाथ पांडेय ने चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि गढ़वा-पलामू क्षेत्र प्रतिभाओं से भरा पड़ा है। यदि इन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो ये राज्य ही नहीं, देश स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने आगामी 28 अप्रैल 2025 को खूंटी में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विजयी होने की शुभकामनायें दीं। उन्होंने आरके पब्लिक स्कूल के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बच्चों को आगे बढ़ाने का जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकों और छात्रों ने भी अविनाश, अरुण और हंसराज को शुभकामनायें दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आग लगने से दो लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झगराखांड़ के जिरहुला दह टोला में रविवार की सुबह में खाना बनाने के क्रम में घटी अगलगी की घटना में विरेंद्र मोची का 25 हजार रुपये नगद, लूना, दो मोबाइल, पंखा, खाद्य सामग्री सहित दो लाख से अधिक की संपति जलकर खाक हो गया। जानकारी के मुताबिक जिरहुला दह टोला निवासी रामअवतार भुईंया के बने प्रधानमंत्री आवास के सटे ही पाचाडुमर निवासी विरेंद्र मोची झोपड़ीनुमा घर बन रहा है जो राम अवतार भुईंया के घर के बगल में ही है। रविवार की सुबह में पत्नी गुड्डी देवी झोपड़ीनुमा घर में खाना बना रही थी, इसी दौरान चल रहे तेज आंधी से आग से निकले चिंनगारी से झोपड़ी में आग लग गयी। वीरेंद्र मोची की पत्नी गुड्डी देवी ने बताया कि मकान बनाने के लिए 25 हजार रुपये कर्ज लेकर रखे थे, अब मकान कैसे बनेगा ईश्वर जानें। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधि से मदद की गुहार लगाई है, ताकि उसका मकान बन सके।

## कसौधन समाज ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए पनशाला खोली

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन समाज गढ़वा के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए दो जगहों चिनिया रोड ओल्ड आईटीआई के पास रूप वस्त्रालय मेन रोड के पास भवानी अखड़ा रांकी मुहल्ला के द्वारा देवी धाम के पास पनसाला खोला गया। सभी तीनों पनशाला जिसका उद्घाटन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल कसौधन समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप संगरक्षक रघुवीर कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि समाज के द्वारा हर वर्ष पनशाला खोला जाता है, प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुनीत कार्य है। मौके पर जय किशोर कश्यप, संतोष, विवेक, मनीष, पंचम सोनी, मुन्ना, अभिषेक, विमलेश यादव शुभम केसरी, शुभम गुप्ता, सोनू अन्य लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनायी गयी दानवीर भामाशाह की जयंती



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में 27 अप्रैल दिन रविवार को राष्ट्र गौरव दानवीर भामाशाह की 478 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि महान दानवीर भामाशाह एक प्रसिद्ध व्यापारी और मेवाड़ राज्य के महाराणा प्रताप के सहयोगी थे। वे अपने महान दान के लिए जाने जाते हैं जब महाराणा प्रताप ने मुगलों से लड़ाई में आर्थिक कठिनाइयों का सामना किया। वहीं मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, सचिव मूंगा साह, संरक्षक राम भजन गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा की महान दानवीर भामाशाह को उनके महान दान के लिए याद किया जाता है। तत्पश्चात पहलगाम में हुई घटना को लेकर 2 मिनट का मौन धारण रखा गया। मौके पर सुरेंद्र गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष अजीत गुप्ता, जिला संयोजक मुकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, परशुराम गुप्ता, रामविचार साहू, बिंदु राम, संजय पाल, प्रखंड मीडिया प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री मनोज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दो भाइयों ने अंचलाधिकारी और अन्य कर्मियों पर लापरवाही का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कांडी प्रखंड के चटनिया पंचायत अंतर्गत घोड़दाग गांव में दो भाइयों ने अंचलाधिकारी और अन्य कर्मियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। घोड़दाग निवासी दामोदर यादव और जगदीश यादव दोनों पिता मुलुर यादव, ने बताया कि वर्षों से उनके घर से मुख्य सड़क तक जाने वाला एक कच्चा रास्ता मौजूद है, जिसका पुराना खाता संख्या 137 और प्लॉट संख्या 80 है। नया खाता संख्या 240 तथा प्लॉट संख्या 640 और 650 में यह रास्ता दर्ज है, जो बिहार सरकार के खतियान में पत्थर चट्टान किस्म की भूमि के रूप में अंकित है। पीड़ितों के अनुसार, 250 मीटर लंबा और 5 फीट चौड़ा यह सार्वजनिक रास्ता वर्षों से दोनों भाइयों के आवागमन



पीड़ित परिवार रास्ता दिखाते हुए।

का मुख्य साधन रहा है। आरोप है कि गांव के ही रामपति यादव, रामगति यादव और गहन यादव ने उक्त रास्ते को अपनी निजी भूमि बताकर रास्ते को जबरन अवरुद्ध कर दिया है, जिससे पीड़ितों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इस संबंध में दामोदर यादव और जगदीश यादव ने न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीओ) के समक्ष आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। एसडीओ के निर्देश पर कांडी अंचलाधिकारी को विवादित भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि अधिकारी गांव का निरीक्षण करने के बावजूद बिना विवादित स्थल का मुआयना किये ही विपक्षी पक्ष से बयान लेकर लौट आये और पीड़ित पक्ष से कोई बात तक नहीं की। पीड़ित भाइयों ने मीडिया के माध्यम से आरोप लगाया कि दबंगई प्रवृत्ति के लोग उन्हें धमकाते हुए कहते हैं, 'शेर का बच्चा कभी सियार नहीं बन सकता', और न्यायालय के आदेश के बावजूद रास्ता अवरुद्ध किये हुए हैं। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने और रास्ता सुचारू रूप से बहाल कराने की मांग की है।

जब इस संबंध में कांडी अंचलाधिकारी से फोन से संपर्क करने की कोशिश की गयी, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# सिविल सेवा में चयनित छाया कुमारी को फार्मेसी कॉलेज परिवार ने घर जा कर किया सम्मानित

**विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष कर सफलता पाने वाली 'छाया' युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी : वीरेंद्र साव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफलता पाने वाली प्रखंड के अकलवानी गांव निवासी छाया कुमारी को किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग परिवार द्वारा रविवार को उनके घर जाकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज के सचिव सह मेराल उतरी के प्रथम जिप सदस्य व झामुमो के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र साव उनकी पत्नी उच्च विद्यालय तेनार की शिक्षिका स्वेता गुप्ता, कॉलेज के निदेशक लव कुमार सिंह सहित कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर बन्धुओं द्वारा सामूहिक रूप से पुष्पकगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री साव ने कहा कि छाया कुमारी प्रखंड ही नहीं पूरे जिले सहित राज्यवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गयी हैं। कठिन परिस्थितियों में संघर्ष के राह पर चलने का जीता जागता उदाहरण है। छाया में कड़ी मेहनत कर गरीबी को पीछे छोड़ते हुए यूपीएससी परीक्षा में 530वीं रैंक हासिल कर इतिहास रच कर अनहोनी को होनी कर दिखायी हैं। हम सभी को इनपर गर्व है। उनके पिता सुनील दुबे एवं मां सीमा देवी को बधाई देते हुए श्री साव ने कहा कि इनके संघर्ष से हर अभिभावक को सिख लेना चाहिए। मौके पर नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज के शिक्षक विकास मिश्रा, श्रीकांत चौधरी, ओंकार, शिक्षिका अंजनी, अनु कुमारी, लव चंद्रवंशी, राकेश समाजसेवी राजकुमार केशरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# एसडीओ ने अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को मेराल, मझिआंव, कांडी तथा बरडीहा प्रखंड के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को प्रथम दृष्टया दो मामले अवैध उत्खनन से संबंधित मिले। मेराल प्रखंड के तोलरा गांव में मिट्टी के अवैध उत्खनन तथा बरडीहा के बभनी गांव में अवैध बालू डंप साइट मिला जिस पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मेराल प्रखंड के तोलरा गांव के पास मिट्टी लदे हुए बिना नंबर के चार ट्रैक्टर्स बड़ी तेजी से दौड़ते हुए रोड पर मिले, संजय कुमार ने रोक कर उनसे पूछताछ की तो जानकारी मिली की वे खजुरी गांव के पास से मिट्टी खोदकर तोलरा में ही एक ईंट भट्टे के लिए ले जा रहे हैं। मौके पर ही ट्रैक्टर्स के मालिकों तथा ईंट भट्टे के संचालकों को बुलाया गया तथा उनसे बिना नंबर के चल रहे ट्रैक्टर, मिट्टी की लीज से संबंधित दस्तावेज तथा भट्टा संचालन आदि से संबंधित दस्तावेज मांगे, किंतु वे लोग न तो संतोषजनक जवाब दे पाये और न ही कागजात उपलब्ध करा सके। इस पर संजय कुमार ने जिला खाना पदाधिकारी को मौके पर ही निर्देश दिया कि वह घटना स्थल पर पहुंचकर मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई करें, उन्हें ट्रैक्टर मालिकों, भट्टा मालिकों की पूरी विवरणी उपलब्ध करा दी गयी है।

दूसरा मामला बरडीहा प्रखंड से संबंधित है, बरडीहा प्रखंड में बभनी गांव के पास बाकी नदी से निकाली गयी बालू का अवैध डंप मिला, उक्त डंपिंग साइट पर लगभग 60 से 80 ट्रैक्टर बालू अवैध डंप की हुई रखी थी। पास में ही एक ट्रैक्टर तथा एक जेसीबी खड़ा पाया गया, जो स्थानीय व्यक्ति का था। अवैध उत्खनन की दिशा में सभी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया गया।

# डॉ असजद दूसरी बार लायंस क्लब ऑसम के अध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी ने की। यह बैठक सत्र 2025-26 के नए अध्यक्ष, सचिव और अन्य नये पदाधिकारियों का चयन करने एवं नए सदस्य बनाने हेतु आयोजित की गयी। इस बैठक की शुरूआत हाल ही में बने नये उप जिलापाल कंचन साहू का स्वागत किया गया और सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस बैठक में नवनिर्वाचित उप जिलापाल कंचन साहू ने लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों और लायंस फ्रटर्निटी ऑफ गढ़वा का आभार व्यक्त किया। बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए बैठक में सभी के सहमति से नये सदस्य मणिभद्र सिंह, डॉ सुशील कुमार, धर्मवीर कुमार को क्लब का नये सदस्य मनोनीत किया गया। सभी के सर्वसम्मति से निर्विरोध एक बार पुनः डॉ असजद को अध्यक्ष बनाया गया, वहीं उपेंद्र कुमार ठाकुर को सचिव और अनिल सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर डॉ असजद ने एक बार फिर अध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम सेवा कार्य में सबसे आगे रहता है वो चाहे स्वास्थ्य से संबंधित हो, शिक्षा, पर्यावरण या अन्य सामाजिक कार्य हो सभी में बेहतर कार्य कर रहा है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में झामुमो का आक्रोश मार्च, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला इकाई ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शनिवार को आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मार्च के दौरान देश की एकता और अखंडता बनाये रखने तथा आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जोरदार मांग उठायी गयी। आक्रोश मार्च गढ़वा बस स्टैंड से शुरू होकर सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास जाकर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शंभू राम ने किया। आक्रोश मार्च में उपस्थित भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने संबोधन में पहलगाम हमले को मानवता के खिलाफ कुकृत्य बताया, उन्होंने कहा कि आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाकर जिस तरह से निर्ममता से हत्या की, वह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वालों को तत्काल पकड़कर एनकाउंटर कर देना चाहिए, ताकि आने वाले समय में कोई भी इस तरह के अमानवीय कृत्य करने का साहस न कर सके।

विधायक अनंत प्रताप देव ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों को जड़ से समाप्त करना जरूरी है, तभी शहीदों की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं होगा, तब तक निर्दोषों का खून बहता रहेगा और देश की शांति में बाधा आती रहेगी।

पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि आतंकवाद देश की अखंडता और शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब समय आ गया है कि देश के नागरिक एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से आवाज उठायें। वहीं, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने बेहद तीखे शब्दों में आतंकवाद पर प्रहार करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जानबूझकर निर्दोष हिन्दू पर्यटकों पर हमला किया है। अगर ऐसे आतंकवादी हमारे भारतीय मुसलमानों के हाथ लग जाएं तो हम उनका सीना चीरकर कलेजा निकालने का काम करेंगे। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त सचिव शरीफ अंसारी, मदनी खान, नितेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय सदस्य मनोज ठाकुर, अनीता दत्त, जितेंद्र सिन्हा, पिंकी केसरी, आशीष अग्रवाल, अशर्फी राम, चंदन जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने शोक सभा आयोजित कर पहलगाम घटना की निंदा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने शोक सभा आयोजित कर पाक के नापक हमले कि पुरजोर निंदा करते हुए शोक सभा आयोजित कर नम आंखों से दिवांगतों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। क्लब अध्यक्ष ला० नंदलाल प्रसाद कि अध्यक्षता में क्लब कार्यालय गढ़वा में इस शोक सभा में बहुत सारे लायंस विशाल परिवार के पदाधिकारी और सदस्यों शामिल हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही विश्वव्यापी लायंस नव सदस्य दिवस के तहत लायंस क्लब ऑफ गढ़वा में विशाल में तीन नये सदस्यों का पदस्थापन हुआ, जिसमें से डॉ पाटन काशमुर, डॉ राहुल कुमार, और विजय कुमार केसरी शामिल हैं, सभी नये सदस्यों को पीडीजी ला डॉ आर एनएस दिवाकर ने शपथ दिलाकर उन्हें लायंस इंटरनेशनल का पीन पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल का मेंबर बनाया गया तीनों नये सदस्यों का स्पॉन्सर रहे डॉ एन के रजक को भी शपथ लिया गया। इस मौके पर उपस्थित रहे डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ कमलेश कुमार, डॉ यूएन बरनवाल, डॉ अरशद अंसारी, डॉ मोनजिर हशन, डॉ दीपक विश्वास, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, ब्रजमोहन प्रसाद, रघुवीर प्रसाद सफदर अली खान, वेंकटेश्वर नारायण, गिरिश कमलापुरी और क्लब पीआरओ शौकत खान उपस्थित थे।

## रामपृत कोरवा बने अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास परिषद के जिलाध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास परिषद जिला इकाई गढ़वा की एक बैठक चिनियां स्थित जिला कोषाध्यक्ष चंद्रिका कोरवा के आवास पर हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष नन्हेश्वर कोरवा के द्वारा एक युवती के साथ उत्पन्न विवाद से सांगठनिक कार्य संचालन में हो रही परेशानी के कारण जिला उपाध्यक्ष रामपृत कोरवा को जिलाध्यक्ष का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया। इस मौके पर जिला सचिव हरेंद्र कोरवा, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रिका कोरवा, वर्तमान जिलाध्यक्ष रामपृत कोरवा, संरक्षक मनमोहन कोरवा जिला सदस्य संतोष कोरवा, रामप्रवेश कोरवा, श्याम देव कोरवा, सुनील कोरवा, रामप्रताप कोरवा, रामविचार परहिया, ईश्वरी कोरवा, प्रेमदास कोरवा, विकेंद्र कोरवा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुआं से नवजात का शव बरामद

**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टेहरी पंचायत के बींजपुर गांव स्थित कुआं से बीते बुधवार को एक अज्ञात नवजात शिशु का शव, बड़गड़ पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि उक्त शिशु का शव बींजपुर गांव के पूरब-दक्षिण दिशा स्थित एक कुआं से बरामद किया गया है। जिसकी उम्र लगभग 8 -10 माह है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की गुमशुदगी की सूचना बड़गड़ थाने को अवश्य दें।

### तीन दिन से मनिका शहर अंधेरे में

# बिजली नहीं रहने से गर्मी से परेशान हैं उपभोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका में पिछले तीन दिनों से बिजली की आपूर्ति बंद है जिसके कारण बिजली संबंधी सभी कार्य बाधित हैं। जबकि शनिवार को 200 केवि का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीणों को बिजली की आपूर्ति नहीं मिल रही है। जिससे कई घरों को नहाने एवं पीने की पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जब से मनिका में पुराने तार को हटाकर नया केबल लाइन खींचा गया तब से बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई। केवल खींचे एक दिन भी नहीं हुआ था कि शॉर्ट कर गया था नया केवल तार। कुछ लोगों का मानना है कि निम्न क्वालिटी का तार संवेदक द्वारा उपयोग किया जा रहा है। वहीं स्थानीय है बिजली कर्मी बिजली आपूर्ति के लिए लगे हुए हैं लेकिन जिला स्तर से कोई भी अधिकारी या अभियंता इस पर गंभीरता से संज्ञान नहीं दे रहे हैं शनिवार को स्थानीय लोगों के द्वारा चंदा एकत्रित कर पलामू से ट्रांसफार्मर मंगाया गया जबकि बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर लाने और ले जाने की जिम्मेवारी होती है।

# बच्चों के बीच पहुंचकर सुकून मिलता है : प्रवीण गागराई

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में पदस्थापित आईटीडीए निदेशक प्रवीण गागराई की मानवीय रूप, बच्चों के बीच पहुंचते ही देखने को मिला उन्होंने जैसे ही बच्चो के बीच पहुचे भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि आते ही बच्चों के बीच पहुंच कर सुकून मिलता है, ऐसा लगता है मानो हमारे बच्चे हैं।

पदभार लेने के साथ ही जिले में शिक्षा के अलख जगाने में जुटे हुए है। आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई हैं, जो शिक्षा की अलख जगा रहे, नौनिहालों के सपने को पंख दे रहे हैं, हर दिल में उम्मीदों की किरण भर रहे हैं, अज्ञान के अंधेर को दूर भगाने के लिए नदी की अविरल धारा की तरह कार्य कर रहे हैं। लातेहार जिला आदिवासी बहुल जिला है। इस क्षेत्र में खनिजों का प्रचुर मात्रा में भंडारण है। तो दूसरी ओर शिक्षा और गरीबी की बात की जाये तो यहां आज भी जिले के लिए बहुत बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी बच्चे और बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाता है पर जब से लातेहार आइटीडीए का पद प्रवीण कुमार गागराई ने संभाला है।

वह लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और बच्चों को कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में आश्रम आवासीय विद्यालय, तीन एकलव्य विद्यालय और पूर्व से चल रहे बारह जनजातीय आवासीय विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

**बच्चों से मिल भावुक हो जाते हैं :** जब भी समय मिलता है प्रवीण गागराई जिले के किसी न किसी स्कूल में पहुंच जाते हैं। नन्हे मुन्हें बच्चों के बीच वे कहते हैं कि इन बच्चों के बीच हमें ऐसा महसूस होता है कि ये मेरे ही बच्चे हैं। इनके पास आकर एक ओर जहां सुकून महसूस होता है।वहीं बच्चों को किन किन समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। यह भी पता चलता है। इसके बाद उन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मैं जुट जाता हूं। साथ ही जब मैं किसी स्कूल में जाता हूं तो वहां के बच्चों में अलग ही उत्साह और कुछ जानने की ललक दिखती है। मैं कैसे आपके जैसे बन सकता हूं आदि आदि प्रश्न पुछते रहते हैं, जिसका मैं जवाब देता हूं।

## पहलगाम हत्या के विरोध में नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ ने निकाला कैंडल मार्च




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के द्वारा पावरगंज चौक पर पहलगाम में हुए बेगुनाहों के बेरहमी से हत्या के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में नवोदय विद्यालय के सैकड़ो पूर्ववर्ती छात्र शामिल हुए। आतंकवादियों को सजा दिलाने तथा उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग के नारे लगाते हुए यह सुभाष चौक पर जमा हुए और आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया है कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को ढूंढ कर ऐसी सजा देनी चाहिए की दोबारा इस तरह की घटना करने से पहले अंजाम को सोचकर उनकी रूह कांप जाये। पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष कलिंदर उरांव ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद और कायराना है। निहत्थे आम नागरिकों पर गोलियां बरसाना मानवता के खिलाफ है। सचिव सागर वर्मा ने कहा कि पहलगाम में हुए कायरना आतंकी हमले ने हम सब की आत्मा को झकझोर दिया है। यह हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं था। यह हमला हमारे देश की एकता, शांति और भाईचारे पर था। हम उन सभी मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां इकट्ठा हुए हैं। जिन्होंने अपनी जान गवायी है तथा हमारी गहरी संवेदना उनके परिवारों के साथ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में आफताब अख्तर, कलिंदर उरांव,सागर वर्मा, गुलाम जिलानी, विजय महतो, निकेश उरांव आदि सैकड़ो नवोदयंस उपस्थित हुए।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच : शकील अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का रविवार को कमेटी विस्तार किया गया। जिसमे मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी सदस्य कामिल तोपनो, जावेद खान, संगठन मंत्री रामचंदर भगत, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार गिरि, प्रखंड अध्यक्ष पेसरार एलेक्स टोप्पो, सचिव सुनील तिर्की, प्रखंड सचिव किसको परवेज खान, प्रखंड सचिव सेन्हा अब्दुल कादिर अंसारी, सचिव संजय विश्वकर्मा, सह सचिव कयुम अंसारी, संरक्षक प्रदीप राना, उपाध्यक्ष एजाज अख्तर के बीच मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि लोहरदगा मे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अनियमितता कर गबन करने वाले पदाधिकारी को खुला छूट मिला हुआ है। इसको काबू करने के लिए कोई भी संगठन नहीं है। इसलिए पूरे झारखंड में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का गठन किया गया है। जिसके लिए लोहरदग्गा में भी तेज रफ्तार से संगठन को विस्तार किया जा रहा है। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष नियुक्ति करते हुए पंचायत स्तर पर कमेटी बनायेंगे। जिससे आम आदमी को जागरूक किया जा सके। ताकि भ्रष्टाचार लूट पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार की पॉलिसी के तहत सभी अधिकारी को अपनी संपत्तियों का ब्यौरा देना है लेकिन कोई भी अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देते हैं। जिला संरक्षक प्रदीप कुमार राणा ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां के पदाधिकारियों पर संपत्ति को जांचकर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा पकड़वाकर जेल भिजवाने का काम करेंगे। जिला सचिव संजय विश्वकर्मा ने कहा कि पूरा जिला कमेटी एकजुट होकर लोहरदगा को भ्रष्टाचार मुक्त बनायेगी।

# 8 को ऐतिहासिक होगा इंटक का महाधिवेशन : धीरज प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हेंसल डंपिंग यार्ड में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने स्थानीय मजदूरों के साथ बैठक कर उनकी मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों के लिए शेड, शौचालय, पानी एवं उचित चिकित्सा व्यवस्था ,एंबुलेंस जैसी आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों की आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व में शिव प्रसाद साहू के समय से ही इंटक मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहा है और जब-जब आवश्यकता पड़ती है। मजदूरों के साथ खड़ा रहता है। श्री साहू ने कहा कि जितने भी प्रकार की समस्याओं की चर्चा बैठक में हुई है उन सभी बिंदुओं पर अग्रतार कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द उचित सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। श्री साहू ने जानकारी दी कि 8 मई 2025 को होने वाले इंटक के महाधिवेशन सांस्कृतिक कार्यक्रम से सजा रहेगा। जिसमें सभी वर्ग के लोगों का मिल रहा है सहयोग। आने वाले 8 मई को ऐतिहासिक होगा इंटर का महाधिवेशन। करीब 30से 40 हजार की संख्या में मजदूरों का होगा महाजुटान। कार्यक्रम में इंटक के कोषाध्यक्ष अशोक यादव के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु बैठक स्थल में 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंटक सचिव हातिम अंसारी, मजदूर अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, मजदूर सचिव देवनत हुसैन, मजदूर संरक्षक रुस्तम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, तबारक अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने करायी जांच




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 150 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मारे गये सभी दिवंगत आत्माओं के लिए 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। पहलगाम एवं बंगाल में हुई घटना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम पर कड़े धूप में निकलना हो तो छाता या गमछा लगाकर ही निकले एवं पानी का सेवन अधिक से अधिक करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद ले सकेंगे नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सह सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनके सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं।

### गर्मियों में पशु-पक्षियों के दाना-पानी को लेकर बेहतर पहल

# राहगीरों के बीच मिट्टी के सिकोरे और चावल के दाने का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में पड रहे भीषण गर्मी से जहां आमजन हलकान में है। वहीं छोटे-छोटे जलाशयों के सूख जाने से पशु पक्षी भी व्याकुल होकर भटक रहे हैं या तो दम भी तोड़ रहे हैं। इन बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी को लेकर रविवार को साइंस फोर सोसाइटी एवं बर्म्मन हाइवे पेट्रोल पंप के प्रयास से बीएस कॉलेज के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग में टू व्हीलर, फोर व्हीलर, ऑटो, पिकअप, यात्री बस, साइकिल सवार व पैदल राहगीरों के बीच मिट्टी के सिकोरे व चावल के दाने वितरण किया गया। साथ ही अपील की गयी कि वह अपने मोहल्ले में भी बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करें। मौके पर सोसाइटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद और डॉक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि थोड़े प्रयास से पशु-पक्षियों की जान बचायी जा सकती है और यह सभी नागरिकों का कर्तव्य और मानवता भी है। झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पूर्व सदस्य ओमप्रकाश सिंह, अधिवक्ता देवाशीष कार और अधिवक्ता अनिल पांडे ने कहा कि घुमंतू पशुओं व मवेशियों हेतु घर व प्रतिष्ठान के बाहर नाद में जल रखें, ऐसे कार्य से पुण्य भी प्राप्त होता है। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन और रेड क्रॉस सोसायटी सचिव व प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, सिंगल यूज्ड पॉलिथीन का जबरदस्त इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता से मौसम लगातार प्रतिकूल होते जा रहे हैं और इसके लिए प्रशासन कम और हम लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121वें एपिसोड का आयोजन रविवार को लोहरदगा नगर के विभिन्न बूथों पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति की भावना के साथ एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में 22 अप्रैल को देश में हुई आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा देश आक्रोशित है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आतंकियों को उनके कृत्य की कठोरतम सजा दी जायेगी। प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। साथ ही, प्रधानमंत्री ने युवा वैज्ञानिकों की साधनहीन परिस्थितियों में भी अडिग संघर्ष भावना का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह बैलगाड़ियों और साइकिलों से वैज्ञानिक उपकरण पहुंचाये जाते थे। संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचारों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अब हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले की खूबसूरत घाटियों में भी केसर की खेती प्रारंभ हो गयी है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया कदम है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को जागरूकता, प्रेरणा और सकारात्मक सोच से जोड़ने का माध्यम बन चुका है।

## मन की बात सुन भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 43 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। मन की सुन कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा और राष्ट राष्ट्रीयता के लिये राष्ट का विकास का संकल्प लिया। वही जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का विकास के साथ साथ सर्वांगीण विकास के लिये कृतसंकल्पित हैं। प्रधानमंत्री का सपना और दृढ़ इच्छा है। राष्ट्र को मजबूती के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। साथ ही कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, केदारनाथ साहू, जोधनारायण साहू, शंकर राम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भंडरा अंजुमन इस्लामिया ने निकाला कैंडल मार्च




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आतंकवादियों को फांसी दो, भारत से जो टकरायेगा चूर-चूर हो जायेगा सहित अन्य देशभक्ति नारों के साथ अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च कुंबाटोली से शुरू होकर थाना चौक भंडरा पहुंचा। इस मार्च में मुस्लिम समुदाय के कई लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च का नेतृत्व अंजुमन इस्लामिया के प्रखंड कमेटी अध्यक्ष आफताब आलम ने किया। कैंडल मार्च मे मोबरक अंसारी, परवीन अंसारी, परवेज अंसारी, मंसूर अंसारी, सलमान अंसारी, बाबर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 10 को लोहरदगा में होगी कांग्रेस की जनसभा

**कांग्रेस की जनसभा ऐतिहासिक होगी हजारों लोग होंगे शामिल : सुखैर भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 3 मई को पूराना विधानसभा रांची में संविधान बचाओ अभियान के तहत राज्य स्तरीय रैली तथा 10 मई को लोहरदगा में जिला स्तरीय रैली, समाहरणालय मैदान में विशाल जनसभा आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि 10 मई को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस जनसभा में संविधान बचाओ मुद्दे के साथ-साथ सरना धर्म कोड़ को अविलंब केंद्र सरकार लागू करें, पेसा कानून को अविलंब राज्य सरकार लागू करें तथा केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में जो संशोधन किया गया है उसे अविलंब वापस ले सहित अनेक स्थानीय मुद्दे भी होंगे। इस विशाल जनसभा में 66 पंचायत के साथ-साथ सभी बूथों से कांग्रेस का कार्यकर्ता शामिल होगा तथा सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रांची रैली में भी शामिल होंगे। सुखैर भगत ने कहा कि स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक, स्थानीय पूर्व सांसद, प्रदेश के नेतागण, झारखंड के प्रभारी को इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमंत्रित किया जायेगा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भाजपा धार्मिक एवं जातिवाद उन्माद फैलाकर शासन करना चाहती है। नेशनल हेराल्ड के मामले में किस प्रकार भाजपा एक षड्यंत्र के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अनेक नेताओं को फंसाया है जिसका हमें मुंह तोड़ जवाब देना है। आपसी मतभेद बुलाकर हम सब को एकजुट होकर मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोहरदगा एवं रांची में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक जनसंपर्क अभियान चलाना होगा। लोहरदगा में कोई भी नेता और कार्यकर्ता अपने आप को पार्टी के उपर नहीं समझें। बैठक में लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू के बनने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, मोहन दुबे नेसार अहमद साजिद अहमद, रीना कुमारी, वारिस कुरैशी, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## वक्त आने पर बरसाती मेढकों को सबक जरूर सिखाया जायेगा : बुधवा उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बगडू हिल बॉक्साइट माइंस के सभी छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्क्स यूनियन के मजदूरों ने माइंस में आगामी होने वाली महाधिवेशन सह आमसभा के बारे में चर्चा की। इस दौरान यूनियन के बगडू इकाई के उपाध्याक्ष बुधवा उरांव ने कहा कि मजदूरों का हितैषी बनने के नाम पर हिंडाल्को से लाभ लेने के चक्कर में पड़े हुए नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। जिन्हें यूनियन संचालन का कोई अनुभव नहीं है। वैसे नेता सिर्फ अपने निजी स्वार्थ साधने के लिए मजदूरों के कंधे का सहारा लेने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा है कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन मजदूरों के अधिकार को लेकर धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पिछले कई सालों से लड़ती रही है। इससे पहले शुरूआती दौर से स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू जी ने मजदूर संगठन को पोषित करते हुए एवं उनके हक तथा अधिकारों की रक्षा करते आए। इस संगठन का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मजदूरों के अधिकारों को लेकर संघर्ष करना और मजदूरों को अधिकार दिलाना है। बाजार में कुछ लोग विवादित संगठन विवादित इंटक का अध्यक्ष बनकर मजदूरों को मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज से शुरू

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एकागुड़ी ग्राम में सनातनियों के सहयोग से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अंतर्गत नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया। मंदिर निर्माण में एकागुड़ी ग्राम व अगल बगल ग्राम के सनातनियों एवं समाजसेवी के सौजन्य से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुरूआत कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ। जिसमें 151 बालिकाओं द्वारा मेढो कोयल नदी से कलश में जल उठा कर मन्दिर प्रांगण तक लाया गया। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य पंकज पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ प्राण प्रतिष्ठ आरंभ किया गया।

# राशन कार्डधारियों को 30 तक इकेवाइसी कराना अनिवार्य

**28 और 29 अप्रैल को लगाया जायेगा विशेष कैंप, ई-केवाईसी एवं धोती-साड़ी का होगा वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के राशन कार्डधारियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। आगामी तीन दिनों में यह समय सीमा पूरी होने वाली है, लेकिन अबतक 71.04 प्रतिशत ही ई-केवाईसी पूर्ण हो पाया है। वर्तमान में 28.96 प्रतिशत लाभुक परिवार के सदस्य ऐसे हैं, जिनका ई-केवाईसी लंबित है। इसमें पीवीटीजी परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 अंतर्गत सोना-सोबरन धोती-साड़ी एवं लूंगी का वितरण भी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कर लिया जाना है, लेकिन अबतक 86.61 प्रतिशत ही वितरण हो पाया है। उपरोक्त दोनों ही कार्यों का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने को लेकर विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

सभी राशन डीलरों को ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने एवं धोती-साड़ी के वितरण से संबंधित सूची उपलब्ध करा दी गयी है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी 28 और 29 अप्रैल को पंचायतवार/वार्डवार पंचायत भवन एवं निकाय क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में कैंप आयोजित कर प्राप्त सूची के अनुसार लाभुकों का ई-केवाईसी और वस्त्र वितरण का कार्य करेंगे। इस दौरान संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपलब्ध रहेंगे। वहीं, शिविर के आयोजन के पूर्व जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से लाभुकों के बीच कैंप आयोजित होने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

# हैदरनगर में लगी भीषण आग में पांच घर जले, एक की मौत

## आधी रात को तेज आंधी के साथ उड़ती चिंगारी से हुआ हादसा



आग को बुझाने की कोशिश करता दकमल कर्मी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर/पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के मोहकर कला पंचायत के एक गांव में शनिवार की रात करीब 12 बजे भीषण आग लग गई। जिससे देखते ही देखते पांच घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस हादसे में एक युवक की भी मौत हो गई है, जबकि कई मवेशी झुलस गये हैं। जानकारी के मुताबिक आधी रात को तेज आंधी के साथ उड़ती चिंगारी ने हेमजा गांव के कई घरों में आग पकड़ ली। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। कुछ ही मिनटों में पांच घर आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खुद आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की भयावहता के आगे विफल रहे।

### दमकल के इंजन के ढाई घंटे विलंब से पहुंचने का आरोप

**इस बीच दमकल विभाग को सूचना दी गयी, लेकिन दमकल की गाड़ी ढाई घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक भारी नुकसान हो चुका था। इस हादसे में एक युवक की जान चली गई, वहीं पांच मवेशी भी बुरी तरह झुलस गए। गांव में अब मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर दमकल समय पर पहुंचती, तो शायद नुकसान को कम किया जा सकता था। फिलहाल प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को मदद का भरोसा दिया है। साथ ही नुकसान का आकलन किया जा रहा है।**

# शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं लक्ष्मी नारायण यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मोहम्मदगंज प्रखंड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्ना जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से पलामू वृद्धखैरा के पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में ग्राम देवी, शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए रविवार को यज्ञमंडप से गाजे बाजे, घोड़ा, रथ के साथ जलयात्रा निकाली गई, जो गोडाडीह, कवलपुरा, माली, लटपौरी, भजनिया होते हुए मोहम्मदगंज कोयल और काशीस्त्रोत नदी के संगम स्थल पहुची। जहां आचार्य उपेंद्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाए। कलश में जल लेकर हजारों श्रद्धालु भीषण गर्मी की परवाह ना करते हुए उत्साह के साथ जय श्रीराम, हर हर महादेव, जय माता दी के जयकारे के साथ भजनिया, बेगमपुरा होते हुए गांव स्थित यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किये। रविवार को ही यज्ञ मंडप में वेदी निर्माण हुआ। सोमवार को पंचांग पूजन, अरणी मंथन, मंडप पूजन के साथ पांच दिनों का श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो जाएगा। जबकि एक मई को देवी मंदिर और शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा। यज्ञ का समापन दो मई को भंडारा के साथ होगा। वहीं, जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भजनिया गांव के मनीष सिंह, बबलू सिंह सहित युवाओं द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई थी। यह के सफल आयोजन को लेकर भाली, गोडाडीह, सहित आसपास के गांव के ग्रामीण लगे हुए है। वहीं, जलयात्रा में मुख्य यजमान संतोष कुमार सिंह, उदय सिंह, कुंदन सिंह, विमलेश पाल, शंकर यादव, कमलेश यादव, अमरेंद्र पाल, नंदन सिंह, अक्षय सिंह, सुखाडी यादव सहित 12 यजमान सपत्नीक के अलावा, कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमण सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, महेन्द्र प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, मनोज सिंह, नीरज अग्रवाल दीपू लाल, दीपक सिंह, अंकुल सिंह, अनिल सिंह, रविन्द्र सिंह, सुंदरदेव पाल, सदलु भुइयां, राहुल ठाकुर, अश्रेष यादव, अर्जुन यादव, विश्वनाथ पाल, सुरेंद्र यादव, जयप्रकाश गुप्ता, मनीष पासवान, आनन्द शर्मा, अंकित चन्द्रवंशी आदि शामिल थे।

# जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर दिया जायेगा जोर : विनय सिन्हा

**कांग्रेस की राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में उपस्थित कांग्रेस के पलामू प्रभारी विनय सिन्हा एवं अन्य गणमान्य।

**मेदिनीनगर।** रांची में राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसमें झारखंड कांग्रेस के महासचिव सह पलामू प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। जिसमें आगामी तीन मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली में पलामू से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगें। इसके लिए सभी प्रखंडों और पंचायत में संविधान को चाहने वाले लोगों से बातचीत की जा रही है। पलामू से इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा। इस रैली के माध्यम से जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर जोर दिया जाएगा, ताकि सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया जा सके। रैली का उद्देश्य अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के मुख्य बिंदुओं विशेष रूप से सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक न्याय के संदेश को जनता तक पहुंचना है। जिला प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू ने कहा कि 28 से 30 अप्रैल के बीच सभी प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रखंड में पत्रकार वार्ता करेंगे। संविधान बचाओ महारैली की पूरी जानकारी दी जाएगी। सभी प्रखंड अध्यक्ष जल्द से जल्द अपने प्रखंडों में बैठक कर तीन मई की रैली में प्रखंड के पदाधिकारी एवं कांग्रेस जनों के साथ भाग लेना सुनिश्चित करेंगें। वहीं, जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जहां राष्ट्रहित की बात होगी वहां हम अपनी जान की बाजी लगाने में पीछे नहीं हटेंगे। तीन मई को संविधान बचाओ रैली में पलामू जिला से हजारों लोग भाग लेंगे। इस मौके पर रामाशीष पांडे, शमीम अहमद राईन, प्रशांत किशोर, ओमप्रकाश अमन, जितेंद्र कमलापुरी, शैलेश चंद्रवंशी, धनंजय तिवारी, हसन जैदी, अशोक पासवान, लक्ष्मी नारायण तिवारी, रामचंद्र दीक्षित, अशोक सिंह, अरविंद पासवान, तुलसी पासवान, रविंद्र पासवान, अमिताव शर्मा, विष्णु देव यादव, रविन्द्र शुक्ला उर्फ गुड्डू, अखिलेश चौधरी, गोपाल प्रसाद सिंह, मो अलाम, परवेज आलम, रिंकू सिंह, मीर खुर्शीद आलम, रंजीत पासवान, मुकेश सिंह, प्रमोद यादव, ललित सिंह और लक्ष्मीकांत आदि मौजूद थे।

# नर्सिंग पेशा ही नहीं, बल्कि मानवीय सेवा का माध्यम है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग कॉलेज में द्वितीय लैंप लाइटिंग एवं कैंपिंग शिरोमणि का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग कॉलेज में रविवार को द्वितीय लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग शिरोमणि का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रजिस्टार देवाशीष मंडल, उप कुलाधिपति संजय कुमार झा, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य कौशल नागर और समाजसेवी इदरीश हवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं को कैप पहनाकर नर्स कर्तव्य की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी ने कहा कि मानवता की सेवा में नर्सों की अहम भूमिका है। नर्सिंग सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि मानवीय सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम भावी नर्सों के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। जो उन्हें सेवा, करुणा और समर्पण के मूल्यों के साथ नर्सिंग पेशे में प्रवेश करने के लिये प्रेरित करेगा। रजिस्टार देवाशीष मंडल ने नर्सिंग पेशे की महानता, चुनौतियों व अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग की छात्रा गीतांजलि, प्रीति व सोनम ने किया। इस मौके पर नर्सिंग शिक्षिका रेखा कुमारी, खुशबू सिंह, नेहा टोप्पो सहित कई नर्सिंग शिक्षक,शिक्षिका छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# मिशन समृद्धि संस्था ने जरूरतमंदों को खाना खिलाया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था की ओर से संचालित समृद्धि की रोटी अभियान वास्तव में नारायण की सेवा है। रोटी सब्जी इकट्ठा करना और कम पड़ जाए तो व्यवस्था करना यह सब कार्य आसान नहीं होता। लेकिन समृद्धि टीम हर मुश्किल काम को आसान करने में लगी रहती है। किसी कारणवश कठिन समय होते हुए भी बैजंती गुप्ता, वीणा राज और बेबी पाण्डेय ने अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच और शनि मंदिर के आसपास रोटी सब्जी का वितरण किया। अनिता श्रीवास्तव की ओर से लड्डू का वितरण किया गया। सालों साल से चलता आ रहा यह सिलसिला किसी भी परिस्थिति में पूरी हो जाती है। इस कार्य में बैजंती गुप्ता, वीणा राज और बेबी पाण्डेय का सराहनीय योगदान हमेशा रहा है।

# सीपीएल -15 के आयोजन को लेकर बैठक, सोलड़ी सिंह बने कमिश्नर



**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल मैदान में रविवार को छतरपुर क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित सीपीएल-15 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सीपीएल कमिश्नर सिंटू सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीपीएल-15 का आयोजन 22 मई से शुरू होगा। जिसके कमिश्नर के रूप में सोलड़ी सिंह और सचिव के रूप में रितेश चंद्रा को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद पर रजनीश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संरक्षक मंडल में अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रुपेश सिंह, योगी बघेल, राकेश चंद्रा, प्रदीप कुमार, गोल्डी सिंह, अमित सिंह, ऋतुरंजन सिंह, जीतेंद्र गुप्ता एवं अजित प्रजापति को शामिल किया गया। कोषाध्यक्ष राहुल राय एवं मोनू सिंह को चुना गया। मीडिया प्रभारी एवं सह संयोजक की जिम्मेदारी राहुल चंद्रा को सौंपी गई। वहीं, व्यवस्थापक के रूप में सोनू सिंह, नागेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह, आशुतोष कुमार एवं विशाल कुमार को नियुक्त किया गया। इसके अलावा अंश कुमार, आर्यन, मुटुर, खुशहाल सिंह, विकी, प्रकाश उरांव, उपेंद्र उरांव, नधकू उरांव, राजू सिंह, भीकू कुमार, बिट्टू एवं रवि कुमार सदस्य के रुप में नामित हैं।

# श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह ने खोली पनशाला




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी स्थित प्रार्थना गृह की ओर से रविवार को पंजरी खुर्द गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल पर पनशाला खोली गयी। जिसका उद्घाटन पूर्व प्रमुख संतोष चौबे ने किया। संतोष चौबे ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। समूह के सदस्य रामलखन पांडेय ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर को सच्ची पूजा है। मौके पर राश बिहारी तिवारी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संपूर्णानन्द सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, विजय यादव, हलकानी राम, चंद्रदेव साव, जवाहिर साव, प्राचार्य बिनोद पांडेय, साहेब राम, सनोज कुमार, सुनील पांडेय, संजीत कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

# पंजरी खुर्द में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली मंगल कलश यात्रा

**नवनिर्मित मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान भी हुआ शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खूर्द ग्राम में मारर देवी स्थल पर नवनिर्मित विशाल मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत नवनिर्मित मंदिर प्रांगण से हुई। बाजे-गाजे के साथ 551 कलश लिये श्रद्धालुओं के आगे अश्वारोही दल एवं रथ पर सवार यज्ञाचार्य स्वामी देवनारायणाचार्य पांच किमी दूर कोयल नदी के सूर्यमंदिर स्थित नदी तट पर पहुंचे। जहां मंत्रपूजित जल भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञशाला पहुंचे। यज्ञमंडप की परिक्रमा के उपरांत वैदिक मंत्रीचरणों के बीच कलश को स्थापित किया गया। बतौर मुख्य जजमान बीपीआरओ रोशन पाठक सपत्नीक अनुष्ठान को संपन्न कराया। शोभायात्रा में शिव पार्वती की लीलाओं पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि पंजरी खूर्द गांव में मारर देवी स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। जिसमें भगवान शिव के पूरे परिवार सहित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होनी है। इसी को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। सोमवार को अरणी मंथन से उत्पन्न ज्वाला से मुख्य यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश के उपरांत पांच दिवसीय महायज्ञ एवं देवी देवता विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ होगा। महायज्ञ की पूर्णाहूति दो अप्रैल को महाभंडारे के साथ होगा। इस दौरान अयोध्या से पधारे रामकथा मर्मज्ञ आचार्य लखन महाराज के मुखारविंद से संध्याकालीन प्रवचन नियमित रूप से जारी रहेगा। कलश यात्रा में अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, करणी सेना के अध्यक्ष सोनू सिंह, जिप सदस्य विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, ज्योति कुमार पाठक, भाजपा नेता सुनील पांडेय, रासबिहारी तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संपूर्णानंद सिंह, बिनोद पाण्डेय, प्रवीन मिश्र, सूरजमल राम, कामेश्वर पासवान, रमेश पासवान, तीर्थराज सिंह, निर्मल सिंह, रमेश पाठक, लोकनाथ पाठक, आलोक पाठक, कौशल पाठक, मुकेश पाठक, देवेंद्र पाठक, सूर्यदेव पाठक, जय किशोर पाठक, नितेश पाठक, सन्नी कुमार सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## जल जीवन मिशन योजना फेल : करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद 6000 की आबादी प्यासी

# विश्रामपुर के बघमनवां में पेयजल के लिए हाहाकार

## 57 जलमीनार स्वीकृत, महज 45 का हुआ अधिष्ठापन, इनमें से 32 जलमीनार मृतप्राय

**एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को ग्रामीण हैं मजबूर**

आजाद सिपाही संवाददाता


पंचायत में लगा जलमीनार।


सिर पर बर्तन लेकर पानी लाने को जाते बच्चे।

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के बाघमनवा पंचायत में भीषण गर्मी के बीच पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ है। छह हजार की आबादी वाले पंचायत क्षेत्र के लोग पानी के लिये त्राहिमाम कर रहे है। कुआं, तालाब एवं नदियां सुख चुकी हैं। चापानल भी हांफ रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य इस पंचायत के लोग पीने का पानी एक किलोमीटर दूर से जाने को मजबूर हैं। सुबह होते ही हर घर के बच्चे सिर पर बर्तन लेकर पानी की तालाश में निकल पड़ते है। जिस कारण उनका स्कूल जाना भी बंद हो चुका है। इस पंचायत क्षेत्र में पेयजल की योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। बावजूद इसके पेयजल की स्थिति भयावह बनी हुई है। जल जीवन मिशन योजना बघमनवां पंचायत में पूरी तरह फेल हो गयी है। पंचायत में 'हर घर नल से जल' देने की योजना में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किये, फिर भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। पंचायत क्षेत्र में जल नल योजना के तहत जल मीनार अधिष्ठापन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी है। प्राकलन की अनदेखी कर मनमाने तरीके से कार्य कराये गये। जलमिनार में पानी संग्रह को लेकर की गयी बोरिंग 300 फिट के बजाए 90 से 150 फिट तक ही किया गया। जिसमें गुणवत्ताहीन मोटर-पाइप लगाया गया। जिस कारण अधिष्ठापन के कुछ महीने बाद ही लगभग आधे जल मीनार मृतप्राय हो गये। बताते चलें कि बाघमनवा पंचायत में पीएचडी विभाग की ओर से कुल 57 जल मीनार लगाने की स्वीकृति मिली थी। जिसमें से तीन बड़े जल मीनार थे। जिनकी लागत प्रति जल मीनार 24 लाख 76 हजार रुपये है। वहीं 30 मध्यम साइज का जलमिनार है, जिनकी लागत प्रति जल मीनार 10 लाख रुपये से भी ज्यादा है। जबकि 24 की लागत प्रति जल मीनार छह से सात लाख रुपए तक है। पंचायत क्षेत्र में अभी तक 57 जलमिनारों में लगभग 45 जल मीनार का अधिष्ठापन किया गया है। जिसमें से 32 जल मीनार मृतप्राय हो चुके है। शेष 13 जलमिनार भी घंटों प्रयास के बाद दो-चार बाल्टी ही पानी दे पा रहे है। अगर तत्काल पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था यहां नहीं की गयी तो स्थिति और भयावह हो जायेगी। इस बाबत मुखिया मंजू देवी ने बताया कि यह स्थिति संवेदक की लापरवाही और मनमानी के कारण हुआ है। अगर संवेदक जल नल योजना को सही तरीके से क्रियान्वित करता तो पेयजल की किल्लत नहीं होती। उन्होंने कहा कि अधिकांश जल मीनार खराब हो चुके हैं। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग से की गयी है।

# जपला आरपीएफ ने चलाया ऑपरेशन सतर्क अभियान, अंग्रेजी शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ के इंस्पेक्टर आरके मीना के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, सुधीर कल्लू और सुनील राय ने एसीपी की रोकथाम अवैध वेंडरो की धर पकड़, आपराधिक गतिविधि निगरानी एवं शराब तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन सतर्क अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ की टीम ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 13349 अप सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में जांच शुरु की। इस दौरान मोहम्मदगंज स्टेशन से गाड़ी खुलने के बाद गार्ड ब्रेक से सटे जनरल कोच के नीचे एक भूरे रंग का पिठु बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया। संदेह होने पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त बैग को अपना नहीं बताया। ना ही उक्त स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। इसके बाद उक्त बैग को जपला स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 पर उतारा गया। बैग की तलाशी ली गयी तो उसमें सात बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसे सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा ने जब्त कर लिया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए डाल्टनगंज उत्पाद अधीक्षक को प्रेषित किया गया।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा का सांसद आवास घेराव स्थगित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले लिबरेशन का पूर्व घोषित कार्यक्रम सांसद आवास घेराव स्थगित कर दिया गया है। भाकपा माले लिबरेशन गुमला के गजेंद्र सिंह ने बताया कि भाकपा माले लिबरेशन का जन संगठन आदिवासी संघर्ष मोर्चा और जमीन बचाओ संघर्ष समिति गुमला के बैनर तले 28 अप्रैल 2025 को सांसद लोहरदगा के आवास पर किसानों के समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित था। चूंकि उक्त तिथि को सांसद सुखदेव भगत के प्रदेश से बाहर रहने के कारण 28 अप्रैल को होने वाला यह धरना कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। अगली बैठक के बाद अगला कार्यक्रम तय किया जायेगा।

## संसदीय संकुल विकास परियोजना की विकास पर संगोष्ठी आयोजित



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** संसदीय संकुल विकास परियोजना बिशुनपुर संकुल अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं की समीक्षा एवं विकास गतिविधियों पर चर्चा हेतु संगोष्ठी कार्यक्रम रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र के अंबेडकर सभागार में आयोजित किया गया। बिशुनपुर संकुल अंतर्गत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड नयी दिल्ली द्वारा प्रायोजित परियोजना अंतर्गत क्रियान्वयन एजेंसी आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा चिंगरी एवं रांगे ग्राम के दुर्गा स्वयं सहायता समूह एवं महुआ फूल उत्पादक संगठन की महिलाओं को अपने कृषि उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने में सहयोग एवं महिला समूह की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इ-रिक्शा प्रदान किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, बिशुनपुर संकुल के पूर्व सांसद समीर उरांव, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, भिखारी भगत, आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन की टीम, समन्वयक अजीत उरांव सहित लगभग 125 महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित हुए।

## हाइड्रा ने मजदूर को कुचला, मौत

**भरनो/ गुमला (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो ब्लॉक चौक के सूर्या अस्पताल के पास रविवार की शाम को सड़क बना रहे आरकेडी कंपनी का हाइड्रा ने पैदल चल रहे नवाटोली निवासी मोटीया मजदूर रुद्धवा महली 55 वर्ष को कुचल दिया। हाइड्रा का चक्का काफी देर तक उसके उपर चढ़ा रहा और चालक उतरकर भाग गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने धक्का देकर हाइड्रा को पीछे किया और उसे बाहर निकाला, उसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी बिगड़ी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रांची रेफर किया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। फिर आरकेडी कंपनी के द्वारा 50 हजार रुपये तत्काल इलाज के लिए दिया गया। शाम 7 बजे तक एक तरफ सड़क जाम रहा। ग्रामीणों में हाइड्रा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया, काफी हो हंगामा के बाद जाम हटाया गया। लेकिन रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गया। मौके पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में झारोटेफ ने निकाला कैंडल मार्च



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 26 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले एवं 28 निर्दोष नागरिकों के हत्या के विरोध में झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन झारोटेफ के तत्वाधान में एक विरोध मार्च सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संध्या 6 बजे जशपुर रोड कोऑपरेटिव परिसर से कैंडल मार्च करते हुए मेन रोड होते हुए टावर चौक तक पहुंचे और टावर चौक में हमले में मृत सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद के विरोध में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें आतंकवाद एवं आतंकवाद को समर्थन करने वालों की निंदा करते हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और हमलावरों को जल्द से जल्द पड़कर कड़ी से कड़ी सजा के लिए सरकार से याचना करने की बात कही गयी। मौके पर झारोटेफ के जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पाण्डेय सचिव हरेंद्र कुमार, प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुमित कुमार, नंद महिला उपाध्यक्षा शिल्पी कुजूर, दानीस अकरम, ब्रजेश आनंद, विनीत नंद बृजेश आनंद, भूषण साहू, फैजयाब आलम, अकील अहमद, नेहा कुमारी, इत्यादि समय जिले के लगभग 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। मौके पर जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पाण्डेय ने सबको संबोधित करते हुए बतलाया कि आतंकवाद एवं इस तरह की घटना निश्चित रूप से यह कायरता पूर्ण है परंतु आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में पूरा कर्मचारी परिवार देश के साथ है। आतंकवादी मंसूबों को हम किसी भी कीमत पर कामयाब नहीं होने देंगे। जिसकी एक मिसाल श्रद्धांजलि सभा में सभी धर्म के लोगों ने एक साथ मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध आवाज उठाकर यहां दी है। गुमला जिला शुरू से ही अमन पसंद रहा है और सभी धर्म संप्रदाय के लोग यहां मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ रहते हैं।

## वाहन की टक्कर से एक की मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिमडेगा नेशनल हाईवे स्थित टेंसेरा के समीप रविवार की शाम 7 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से शास्त्री नगर निवासी 38 वर्षीय संदीप महली की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संदीप साप्ताहिक बाजार अम्बेराडीह मुर्गा लड़ाई देखने गया था। वही सब्जी खरीदने के बाद घर आने के लिए ऑटो पकड़ने सड़क पार कर रहा था तभी एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए पालकोट की ओर फरार हो गया। घटना के बाद संदीप सड़क पर गिर गया और लहू लूहान हो गया। बाजार से लौट रहे लोगों की नजर उस पर पड़ी। जिसके बाद एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन एंबुलेंस के देर करने पर उसे एक ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कहा समय पर एंबुलेंस आता तो उसकी जान बच जाती। सदर अस्पताल के गेट तक उसकी सांसे चल रही थी। वही मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं वह पचोड़ा पुट्टी का काम करता था। फिलहाल मृतक के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

# जमीन विवाद में युवक ने की चाचा-चाची की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडरा।** कामडारा में जमीन विवाद को लेकर नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। प्रखंड मुख्यालय से दस किमी की दूरी में दुरस्थ इलाके के बीच बसे कारीचुंवा गांव में भतीजे अरविंद कुल्लू ने अपने सगे चाचा 45 वर्षीय थादियुस कुल्लू, चाची 42 वर्षीय सिलिविया कुल्लू को मौत के घात उतार दिया। आरोपी ने महिला मंडल की बैठक के दौरान डबल मर्डर को अंजाम दिया और भीड़ के बीच भी टांगी भांजता रहा ताकि कोई उसे पकड़ न सके। बाद में पुलिस पहुंची, तो काफी कोशिशों के बीच उसे गिरफतार किया और थाने लेकर पहुंची। पुछताछ जारी है।

जानकारी के अनुसार ये दोनों परिवार गांव में अगल-बगल में रहते है। पिछले कुछ सालों से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। 2023 में भी विवाद हुआ था। इसके बाद से आपसी रंजिश बढ़ गयी थी। रविवार को दोपहर बाद मृतकों के घर के समीप महिला मंडल की बैठक चल रही थी। वहीं समीप में मृतक थादियुस भी बैठा हुआ था। इसी बीच भतीजा टांगी लेकर अचानक पहुंचा और अपने चाचा पर वार कर दिया। अपने पति को मारते देख जब पत्नी सिलविया बीच बचाव करने पहुंची, तो भतीजे ने उस पर भी वार कर हत्या कर दी। इससे बैठक में भगदड़ मच गयी और आरोपी काफी आक्रोश में और लोगों पर भी टांगी से वार करने की धमकी देते हुए टांगी भांजने लगा। जिसके कारण सभी जान बचा कर भागते रहे और फोन पर मृतकों की बेटी को सूचित किया। तब बेटी ने पुलिस को जानकारी दी और पुलिस गांव पहुंची और आरोपी को पकड़ा।



### मृतकों का बेटा बंगलुरु में करता है मजदूरी

गांव में दिनदहाड़े घटित घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सुचना पड़ोसी से मिलने के बाद बेटी संगीता कुल्लू अपने ससुराल पालकोट के दामतारा से थाना पहुंची। जहां घटना का कारण बताया और आरोपी को सजा देने की मांग की। बेटी ने बताया कि उसकी शादी हो चुकी है। वह पालकोट स्थित गांव दामतारा स्थित ससुराल में रहती है। जबकि भाई मनोज कुल्लू बंगलौर में मजदूरी करने के लिए गया हुआ है।

### छानबीन जारी, आरोपी जायेगा जेल : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस तुरंत गांव पहुंची। आरोपी गिरफतार कर लिया गया है। पुछताछ जारी है। अभी तक जमीन विवाद को लेकर हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आई है। छानबीन जारी है। सोमवार को आरोपी को जेल भेजा जायेगा।

# बेलागड़ा में कुएं से वृद्ध का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के बेलागड़ा गांव स्थित एक कुआं से घाघरा पुलिस ने बुरहू ग्राम निवासी वृद्ध सोमा उरांव का शव बरामद किया। वही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था। मानो वृद्ध व्यक्ति दो दिन पहले उक्त कुएं में गिर गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त कुआ में प्रत्येक दिन लोग पानी लाने जाते है। वही हर दिन के भांति आज भी गये थे। जहां पानी भरने के क्रम में बच्चों ने देखा कि कुएं में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिख रहा है। इसके बाद इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। वहीं ग्रामीणों के सूचना के उपरांत घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गयी। जहां पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। कुआं में मुंडेरा नहीं है जमीन के सतह पर होने के कारण लोग अंदेशा लगा रहे है कि सोमा नशे में होने के कारण उक्त कुआं में गिर गया होगा। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार शाम 5 बजे सोमां घर से निकला था। घर पर सिर्फ उसकी पत्नी रहती है। पत्नी ने सोचा कि सोमा अपनी बेटी के घर सरहुल पर्व में गया होगा। इसीलिए अब तक नहीं लौटा है।

# सिरम टोली सरना स्थल के पास रैंप निर्माण का आदिवासी संगठनों ने किया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिरम टोली सरना स्थल बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में गुमला के टावर चौक में आदिवासी संगठन के लोगों ने रविवार की शाम 5 बजे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। आदिवासी समुदाय के लोग पालकोट रोड स्थित टेंपो स्टैंड सरना स्थल के पास जमा हुए। जिसके बाद रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए टावर चौक पहुंचे। जहां झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी।

वही वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को आदिवासी कहते हैं लेकिन आदिवासियों के सरना स्थल पर रैंप निर्माण कार्य करवा रहे हैं जिसे रोकने की मांग को लेकर आदिवासी समुदाय लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। बीते दिनों गुमला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भूषण तिर्की के आवास का घेराव किया गया था। वहीं मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर सरना स्थल से कार्य हटाने की मांग की गयी है। लेकिन इस पर अब तक कोई पहल नहीं हुई और पुलिस बल को तैनात कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसे आदिवासी समुदाय कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। जब तक सरना स्थल निर्माण कार्य को नहीं रोका जाता तब तक आदिवासी समुदाय लगातार इसका विरोध करता रहेगा। यह सरना स्थल केंद्रीय सरना स्थल है। कार्यक्रम में काफी संख्या में आदिवासी समुदाय की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कोयल नदी में डूबने से नाबालिग लड़की की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जेहन गुटवा निवासी स्वर्गीय विष्णु मुंडा का 12 वर्षीय पुत्री अर्चना कुमारी की मौत रविवार सुबह लोंगा कोयल नदी में डूबने से हो गयी। बताया जाता है कि रविवार सुबह 9 बजे के आसपास गांव के अन्य तीन चार बच्चों के साथ लोगा कोयल में हो रहे पुलिया निर्माण के समीप नहाने गयी हुई थी नहाने के दौरान अर्चना बहते पानी में गिर गयी और बेहोश हो गयी। इधर बच्चों की सूचना पर गांव वालों ने उक्त स्थल पहुंचकर बच्ची को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मां लालमइन मुंडाइन ने बताया कि उनके पति का एक्सीडेंट में पूर्व में ही मौत हो चुकी है और दो बेटे हैं वह पलायन कर दूसरे देश कमाने गये हुए हैं एक बच्ची थी जो मेरे साथ रहती थी। इधर घटना की सूचना पर बिशुनपुर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

# एसपी ने गुरदरी तथा बिशुनपुर थाना का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रविवार को पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला/ पुलिस निरीक्षक, गुमला अंचल/ थाना प्रभारी, गुरदरी/ बिशुनपुर एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में गुरदरी तथा बिशुनपुर थाना का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी/ अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया। सभी पंजी/ संचिकाओं का रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सक्रिय अपराध कर्मियों एवं भाकपा माओवादी/ जेजेएमपी/ झांगुर गुट की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। महिलाओं से संबंधित अपराध की रोक-थाम हेतु स्कूल/ कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही थाना भवन, थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों के रहने वाले बैरक का भी निरीक्षण किया गया।

# सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के आदर में सरहुल संचालन समिति द्वारा सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरना स्थल पर पहान पुजार द्वारा पूजन प्रार्थना की गई। जिसके उपरांत शोभायात्रा सरना स्थल से शुरू होकर विभिन्न चौक चौराहे होते हुए आदर स्थित बाजारटांड़ पहुंची। जहां सभा में तब्दील हो गए। वही मंच के समीप सैकड़ो खोड़हा दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। वही आदिवासी ममता जीवन दर्पण संस्था सहित कई अन्य सामाजिक संगठन द्वारा चना गुड़ और शरबत का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति सभ्यता परंपरा को संयुक्त के रखने की जरूरत है।पूर्वजों के दी गई धरोहर को हम सभी को मिलजुल कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। वही सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के मनेश्वर उराव ने कहा कि हम सभी आदिवासी समाज के लोग प्राकृतिक के पूजन हैं। खासकर युवाओं को समाज के प्रति एकजुट होने और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोगी बनने की जरूरत है। वही चंद्रदेव उरांव ने कहा कि हम सभी प्राकृतिक के पूजन है। जल जंगल जमीन का हम सभी को संरक्षण करने की जरूरत है। शिक्षक विजय कुमार साहू ने कहा कि परंपरा संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सरहुल पूजा प्राकृतिक का पूजा है। मौके पर उपस्थित लोगों में विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, विजय कुमार साहू, चंद्रदेव उरांव, मनेश्वर उरांव, कमख्या भगत, देवा उरांव, बलि कुमार, बेचन भगत, सतेंद्र उरांव, सूरज उरांव, पवन उरांव सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पीएलएफआइ उग्रवादी के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र के रेड़वा चुंआटोली में रविवार को मोस्ट वांटेड पी एल एफ आई मार्टिन केरकेट्टा के घर में इशतेहार चिपकाया उक्त इशतेहार में उसे जल्द आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।इस मामले में मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव और एसआई अर्विंद कुमार के साथ कामडारा थाना के पुलिस पदाधिकारी महेश कुमार साव ने बताया कि पीएलएफआइ का उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा मुरहू काफी दिनों से फरहार चल रहा है।**














आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 मरीजों ने कराया जांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद की ओर से रविवार को पूर्वी टुंडी के मनियाडीह में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी डॉ जिम्मी अभिषेक एवं जीएन ओझा ने मरीजों की जांच की। इश दौरान 48 मरीजों को परामर्श एवं मुफ्त में दवा दी गयी। शिविर में नि:शुल्क ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच की गई। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह, डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ जिम्मी अभिषेक और जीएन ओझा आदि उपस्थित रहें।

# धनबाद में मिले चिकन पॉक्स के मरीज, 10 लोगों में हुई पुष्टि

## रिपोर्ट आने के बाद हरकत में आया विभाग, दी गयी दवाइयां

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में एक बार फिर से चिकन पॉक्स के मामले बढ़ने लगे हैं। पिछले दिनों टुंडी और झरिया में मिले संदिग्ध मरीजों की पुष्टि हो गई है। रांची के रिम्स अस्पताल ने नमूने की जांच के बाद इसकी रिपोर्ट धनबाद स्वास्थ्य विभाग को भेज दी है। जिसके बाद जिला महामारी नियंत्रण रोग विभाग हरकत में आ गया है। इन मरीजों को विभाग की ओर से जागरूक किया गया और उन्हें दवा वितरित की गई है। इसके साथ ही धनसार थाना के पथराकुली में 10 संदिग्ध मरीज मिले हैं। विभाग की ओर से इन सभी मरीजों को नमूने के लिए रांची भेजा जाएगा।



### महामारी रोग नियंत्रण विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों का टोटा

हैरत की बात यह है कि जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग के पास विशेषज्ञ डॉक्टर ही नहीं है। ऐसे में इसका जिम्मा होम्योपैथिक के डॉक्टर को दिया गया है। होम्योपैथिक डॉक्टर ऋतुराज अग्रवाल के सहारे पूरा जिला दिया गया है। जबकि महामारी रोग के लिए एपिडेमियोलॉजी की जरूरत होती है। लेकिन धनबाद में विशेषज्ञ नहीं होने के कारण होम्योपैथिक के डॉक्टर को इसके लिए रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग में रांची मुख्यालय से अलग से विशेषज्ञ की मांग की है।

### अब तक 21 लोग चिह्नित किये जा चुके

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकन पॉक्स के बढ़ते मामले को लेकर अब तक 21 लोग चिह्नित किए गए हैं। इसमें 10 की पुष्टि हो गई है। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि मामले को लेकर टीम बनाई गई है। यह टीम विभिन्न जगहों पर निरीक्षण कर रही है। उन्होंने बताया कि दो से लेकर 15 दिनों तक बुखार रहता है। बताया गया कि बच्चे, युवा से लेकर दो बुजुर्ग भी बीमारी से पीड़ित मिले हैं। इन पर निगरानी रखी जा रही है।

# बंद घर से बीसीसीएल कर्मी के बेटे का पंखे से लटकता शव बरामद

## दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने बुलायी पुलिस, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुटकी के कच्छी बलिहारी, स्माइल बस्ती निवासी बीसीसीएल कर्मी करण माझी के पुत्र अनूप माझी (22) का शव रविवार को एक बंद घर में फंदे से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो युवक का दो-तीन दिन पुरानी बतायी जा रही हैं। स्थानीय मनोज चौहान ने बताया कि शनिवार की शाम से ही घर से दुर्गंध आ रही थी। लेकिन रविवार की सुबह कुछ ज्यादा ही दुर्गंध निकलने के बाद उन लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और घर का दरवाजा खोला तो दंग रह गये। युवक का शव गमछा से बंधा हुआ फंखा के सहारे लटक रहा था। जबकि फर्श पर काफी मात्रा में खून पसरा था। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। उधर, अनूप का शव बरामद होने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जून में जदयू का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर, होगा केंद्रीय मंत्री ललन सिंह सहित सांसद-कद्दावर नेताओं का जमावड़ा

- धनबाद जिला जदयू के जिला कार्यसमिति की बैठक में पांच प्रस्ताव पारित
- संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला जदयू के जिला कार्य समिति, प्रखंड अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष सहित विभिन्न जगहों से आने वाले सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संचालन प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे ने किया। सर्वप्रथम बैठक में विगत दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में सैलानियों की हुई हत्या को लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं, बैठक में मुख्य रूप से पांच प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें जून महीने के आखिरी सप्ताह में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। जिसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी के राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा पांच प्रस्तावों में धनबाद में होने वाले नगर निगम चुनाव में जदयू की ओर से अपना प्रत्याशी उतारने, धनबाद में हवाई अड्डा एवं एम्स अस्पताल बनाने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा जिले में विधि-व्यवस्था की चरमराई स्थिति एवं बिजली की खराब स्थिति को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने, संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर-शोर से प्रखंड स्तर पर चलाने का भी निर्णय लिया गया है। इस दौरान बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव उदय कुमार सिंह, अति पिछड़ा के प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश महासचिव सुशील सिंह, उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, केबी सहाय, सचिव राजू कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा, विजय सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शंकर चौरसिया, दिलीप सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज प्रसाद, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, रीता रानी मण्डल, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णदेव पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिव चरण महतो, निरसा प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय, पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष शिशिर दां, अक्षय सिन्हा, टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, जितेन्द्र पाण्डेण्य, गोपाल चन्द्र गोप, झरिया नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, डॉ राजेश राम, अशोक सिंह, स्कृतिकान्त सिंह और कपिलदेव यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सभी पंचायतों में तेजी से हो रहा विकास कार्य : अशोक मुर्मू

जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी उतरी पंचायत के रोहनियाडीह टोला में 15वें वित्त आयोग मद से लगभग छह लाख रुपये की लागत से 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को जिप सदस्य अशोक मुर्मू ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के सभी पंचायतों में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में यहां पीसीसी पथ निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर शिलान्यास किया गया, ताकि उतरी पंचायत के जामताड़ एवं टुंगरी कुल्ही के ग्रामीणों को मुख्य मार्ग आने जाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती थी। इसलिए पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। पथ निर्माण होने से दोनों टोलो के लोगों को सुविधा होगी। मौके पर वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी, ललन टुडू, विक्की महतो, प्रकाश महतो, भरत महतो, आश्विनी मिश्रा आदि मौजूद थे।

## आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के तिलैया, कुंदा और बरीडारी पंचायत क्षेत्रों में रविवार को ग्रामीणों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जागेश्वर चौक में आतंकियों और पाकिस्तान का पुतला दहन करते हुए आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर समाजसेवी पंकज चौधरी, गौतम देवा, सुरेश गिरी, सतपाल महतो सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने निर्दोष हिंदुओं की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। साथ ही मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट किया।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों को झरिया में किन्नरों ने दी श्रद्धांजलि

जरूरत पड़ी तो देश के किन्नर भी सीमा पर आतंकियों से मुकाबले को तैयार : छमछम

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में विगत 22 अप्रैल हो आतंकियों द्वारा धर्म-जाति पूछकर निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या किये जाने के बाद से देशभर में उबाल है। इस घटना को लेकर किन्नर समाज ने भी आक्रोश और दुख प्रकट किया है। इसे लेकर रविवार को झरिया में किन्नर समाज ने भी आक्रोश रैली निकाल कर आतंकियों और पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की मांग की है। अखिल भारतीय किन्नर समाज की झारखंड अध्यक्ष छमछम देवी किन्नर ने कहा कि निहत्थे लोगों पर गोली चलाना सबसे कायरता बरा काम ह। पहलगाम घटना से पूरा किन्नर समाज भी दुखी है। छमछम ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूरा किन्नर समाज भारतीय सेना के साथ मिलकर बॉर्डर पर लड़ने को तैयार हैं। पर इस बार पाकिस्तान ने जो किया है उसे करारा जवाब देने की जरूरत है। इस मौके पर श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर, काजल किन्नर, नैना किन्नर, पन्ना किन्नर, संगीता किन्नर और सोनम किन्नर आदि उपस्थित रहे।

## फुसरो में निकाली आक्रोश रैली




**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पहलगाम में आतंकी हमले में 27 हिंदुओं की हत्या के विरोध मे रविवार की शाम फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर में स्थानीय लोगों ने दुर्गा मंडप से फिल्ड क्वारी तक आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने आतंकियों को कड़ी सजा की मांग की। कहा कि केंद्र सरकार आतंकियों को सबक सिखाए। वहीं, मजदूर नेता शरण सिंह राणा, सचिंद्र सिंह और ललन सिंह ने कहा कि इस तरह का कृत्य निंदनीय है। रैली में गौतम सेनगुप्ता, शिव शंकर तांती, तरसेम सिंह, कामिनी देवी, उषा देवी, कमली देवी, सरस्वती देवी, राधा देवी, काली देवी, सुनैना देवी, कौशल्या देवी सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

## श्रीश्री महिला सेवा समिति ने गर्मी में 1700 राहगीरों में बांटा शर्बत-पानी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्री श्री महिला सेवा समिति की ओर से रविवार को गर्मी को देखते हुए मटकुरिया में करीब 1700 राहगीरों के बीच सत्तू का शर्बत और ठंडे पानी का वितरण किया। बतातें चलें कि समिति पिछले कई वर्षों से गर्मी में इस तरह का आयोजन करती रही है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदा अग्रवाल, हिना संघवी, मंजू अग्रवाल, संगीता चौहान, रश्मि भट्ट, जिगना दोषी, वंदना पंचोली, सरिता जैन, दिव्या टांक, प्रिया ओझा, सुनीता पोद्दार, रानो गोयल, निधि गोयल, नीलम चावड़ा, लक्ष्मी अग्रवाल, दीपिका ठक्कर, आशा वसा, ख्याति राठौड़, विधि पोद्दार, केशर अग्रवाल, नितिन भट्ट, सुनील गोयल, नरेंद्र शर्मा, विकास जैन, बंटी अग्रवाल, संजय गोस्वामी, युवराज जैन आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## पहलगाम के शहीदों को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि





**झरिया (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति को लेकर रविवार की शाम झरिया प्रेस क्लब की ओर से मेन रोड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इसके पहले प्रेस क्लब परिसर से एक रैली निकाली गई। जिसमें पत्रकार, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण साव एवं संचालन प्रेस क्लब के सचिव शैलेंद्र जायसवाल ने किया। वहीं, विहिप के जिला कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से आतंक पर प्रहार के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। वहीं, अरुण साव ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की हत्या की। जिससे देश में आक्रोश का माहौल है। लोग आतंकवादियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। अब देश आतंकवादियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। नगर अध्यक्ष अवधेश साहू ने कहा कि आज झरिया में श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से आतंकवाद पर कड़ी कार्रवाई की मांग सरकार से करते हैं। इस मौके पर विहिप के सुनील सिंह, भाजपा झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव, शिबू अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अमित साव, दिलीप आडवाणी, अमन चंद्रवंशी, राजा सिंह, मयूरी त्रिवेदी, भाजपा महिला मोर्चा मंत्री उमा भट्टाचार्य, सोना चांदी व्यवसाई संघ के सत्यनारायण भोजगढ़िया, विहिप नेता रामश्रेष्ठ झा, मधुसूदन अग्रवाल, अजय वर्मा, पार्थ प्रमाणिक, भोला सेन मोदक, वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत तिवारी, मुकेश मिश्रा, राकेश गुप्ता, सत्येंद्र चौहान, बबन झा, करन कुमार, योगेश सोनी, मनोज शर्मा, अभिमन्यु साव आदि मौजूद थे।

# पिछरी बड़काबांध तालाब का होगा जीर्णोद्धार पांच करोड़ रुपये खर्च कर बनेगा पर्यटक स्थल

## सौंदर्यीकरण, फाउंटेन, सोलर लाइट एवं पार्क आदि होगा आकर्षण का केंद्र

ओमकार कुमार मिश्रा



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में पिछरी बस्ती मुख्य सड़क किनारे स्थित बड़काबांध तालाब का सीसीएल ढ़ोरी के सीएसआर मद से पांच करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कर उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए सीसीएल ढोरी की ओर से कागजी प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यहां जलकुंभी से भर चुके तालाब की खुदाई करने के साथ ही चारो ओर सीढ़ी बनाने के अलावा तालाब के किनारे जगह-जगह पेड़-पौधे लगाकर पार्क बनाया जाएगा। इसके अलावा जगह-जगह बैठने का आकर्षक स्थान बनेगा। वहीं, तालाब में फाउंटेन निर्माण के अतिरिक्त जगह-जगह आकर्षक लाइटिंग की व्यस्था होगी। गांव के नालियों का पानी तालाब में नहीं जाए, इसके लिए बगल से नाली निर्माण कर दूसरे स्थल पर पानी की बहाव की व्यवस्था की जाएगी। विदित हो कि उक्त योजना लाने की शुरूआत सीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने किया थे, जिसे धरातल पर उतारने में वर्तमान महाप्रबंधक रंजय सिन्हा जी-जान से लगे हुए हैं। पिछरी के ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का स्वरूप बिगड़ जाने से गांव के लोगों को दैनिक कार्यों के अतिरिक्त विभिन्न पूजा पाठ, प्रतिमा विसर्जन करने, कलश यात्रा के दौरान जल उठाने आदि में काफी परेशानी होती है। अब लोगों को इन कार्यों के लिए एक से दो किमी दूर दामोदर नदी जाना पड़ता है। इसी तरह किसी के घर शादी-विवाह होने पर पानी के लिए तालाब के स्थान पर दामोदर नदी जाना पड़ता है। पिछरी के ग्रामीण महिला-पुरुषों का कहना है कि उक्त तालाब पहले गांव की शान हुआ करता था। लेकिन ठेकेदारी के चक्कर में तालाब को पहले बर्बाद किया गया। बाद में यहां कुछ टोला के नाली का पानी गिराए जाने लगा। इस तरह लोगों ने इसके पानी का इस्तेमाल करना छोड़ दिया। अंततः यहां जलकुंभी अपना पांव पसार लिया। जिससे अब तालाब के हर तरफ जलकुंभी ही नजर आता है। इस तरह उक्त तालाब अब समतल मैदान सा प्रतीत होने लगा।

### सौंदर्यीकरण के लिए डीपीआर तैयार

पिछरी के बड़कातालाब के सौंदयीकरण का प्राक्कलन बन गया है। यहां 4.5 करोड़ रुपये की लागत से तालाब सुंदरीकरण और लगभग 50 लाख रुपये की लागत से ईएंडएम विभाग की ओर से सोलर लाइटिंग एवं अन्य व्यवस्था की जाएगी। इस तरह वर्ष 2025 में पिछरी तालाब का स्वरूप और दशा बदल जाएगी। जो पिछरी ही नहीं, बल्कि बेरमो कोयलांचल एवं आसपास के लोगों के लिए एक विशेष पर्यटन क्षेत्र के रूप में तब्दील हो जाएगा।

## विधायक अनूप सिंह ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देते हुए रविवार को लगभग एक करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें जरीडीह प्रखंड के बारू पंचायत स्थित सरकारी ब्रह्मण तालाब का जिर्णोद्धार कार्य शामिल है। यह कार्य भूमि संरक्षण विभाग द्वारा लगभग 13 लाख 26 हजार रुपये की लागत पूर्ण किया जाएगा। वहीं, जरीडीह प्रखंड के बाराडीह पंचायत बाराडीह स्कूल टोला स्थित पुराना रैयती तालाब का जिर्णोद्धार कार्य को लेकर भी शिलान्यास हुआ, जो भूमि संरक्षण विभाग की ओर से करीब 13 लाख 26 हजार रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा तांतरी दक्षिणी पंचायत में सचिवालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। यह कार्य डीएमएफटी मद से स्वीकृत 99 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा शिलान्यास कार्य पूजा अर्चना और शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। विधायक ने कहा कि तालाब का कार्य पूर्ण होने से ना केवल क्षेत्र के जलस्त्रोत के रूप में तालाब संरक्षित रहेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को भी मजबूती मिलेगी। सचिवालय निर्माण पर उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में विकास की दिशा में एक अहम कदम होगा। पूरे बेरमो विधानसभा का विकास करना मेरी प्राथमिकता है। जनता कार्य बताये, उसे मैं पूरा करूंगा। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

# पाक नागरिक अब 29 तक जा सकेंगे वापस

## एसएएआरसी वीजा वालों के लिए मोहलत खत्म

**अब तक 537 पाकिस्तानी और 850 भारतीय अटारी के रास्ते वापस लौटे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमृतसर।** भारत में वीजा लेकर आये पाकिस्तानी नागरिक अब 29 अप्रैल तक वापस अपने देश जा सकते हैं। गृह विभाग ने ये फैसला लिया है। लेकिन इसमें एसएएआरसी वीजा को लेकर कोई भी बढ़ौतरी नहीं की गयी है। उनके लिए 27 अप्रैल पाक लौटने का आखिरी दिन थी। वहीं, जिनका लांग टर्म वीजा (एलटीवी) अब तक स्वीकृत नहीं हुआ है, उन्हें भी भारत छोड़कर वापस पाकिस्तान लौटने का आदेश दिया गया था। इसी के चलते रविवार को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के अटारी-वाघा गेट पर पाक नगारिकों की भीड़ देखने को मिली। कई परिवार अपने सामान के साथ लाइन में लगे नजर आये। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। कई लोग भावुक होकर अपने भारतीय रिश्तेदारों से विदा लेते रहे। पंजाब पुलिस के प्रोटोकॉल ऑफिसर अरुण कुमार के अनुसार रविवार को 237 के करीब पाकिस्तानी नागरिक वापस रवाना हुए। जबकि, 116 भारतीय वापस लौटे। अभी तक कुल 537 के करीब पाकिस्तानी नागरिक वापस जा चुके हैं और 850 के करीब भारतीय नागरिक भी वापस लौट चुके हैं।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार, पाकिस्तान के वे नागरिक जो भारत में वीजा शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं या जिनके वीजा बढ़ाने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, उन्हें तत्काल देश छोड़ना होगा। पुलिस और इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने इन निदेर्शों को सख्ती से लागू करने की तैयारी कर ली है। गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और पंजाब के अन्य सीमावर्ती जिलों से भी कई पाकिस्तानी नागरिक आज सीमा की ओर रवाना हुए हैं। अधिकारी हर स्थान पर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं ताकि कोई भी बिना अनुमति भारत में न रह सके।



### तय तारीख तक भारत नहीं छोड़ा तो तीन साल की जेल या 3 लाख जुर्माना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। अगर कोई पाकिस्तानी नागरिक तय तारीख (डेडलाइन) तक भारत नहीं छोड़ता है, तो उसे 3 साल की जेल या 3 लाख जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। जिनके पास सार्क वीजा था, उनके भारत छोड़ने की डेडलाइन 26 अप्रैल थी। ऐसे पाकिस्तानी नागरिक जो मेडिकल वीजा पर भारत आए हैं, उन्हें 29 अप्रैल तक जाना होगा।

## बडगाम में दो संदिग्ध पब्लिक सेफ्टी एक्ट में गिरफ्तार

जम्मू (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम में पुलिस ने आतंकियों से जुड़े दो संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्कर्स को पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गये आरोपियों के नाम ताहिर अहमद कुमार (निवासी पाकरपोरा) और शबीर अहमद गनई (निवासी कारपोरा पाकरपोरा) हैं। जांच में सामने आया कि ये दोनों आतंकियों को लाजिस्टिक सपोर्ट देते थे। साथ ही, ये स्थानीय युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए भी प्रेरित कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि पीएसए लगाकर इन्हें हिरासत में लेना जरूरी था, ताकि क्षेत्र की शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

## सेना की वर्दी की बिक्री, सिलाई और स्टॉक करने पर रोक

किश्तवाड़ा (आजाद सिपाही)। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में जिला प्रशासन ने सेना की वर्दी की बिक्री, सिलाई और स्टॉक करने पर रोक लगा दी है। यह कदम इलाके की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। प्रशासन ने आदेश दिया है कि अब कोई भी व्यक्ति सेना की वर्दी नहीं बेच सकेगा, सिल नहीं सकेगा और न ही उसे रख सकेगा। यह नियम शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए लागू किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां इस पर नजर रखेंगी।

### पहलगाम अटैक पर विवादित पोस्ट

## झारखंड समेत सात राज्यों से 28 गिरफ्तार



**इनमें असम के विधायक, पत्रकार, वकील और 23 विद्यार्थी शामिल**

**इन राज्यों से हुई गिरफ्तारी**

असम-16, मध्य प्रदेश-4, त्रिपुरा-4, उत्तर प्रदेश-1, छत्तीसगढ़-1, झारखंड-1 और मेघालय-1

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ रांची।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर झारखंड समेत सात राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें असम के विपक्षी पार्टी एआइयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, दो रिटायर्ड शिक्षक और 23 विद्यार्थी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियों हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गयी है।

**विधायक पर राजद्रोह का केस दर्ज:** पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआइयूडीएफ से हैं। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को 'सरकार की साजिश' बताया था। उन पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ और 25 अप्रैल को उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

## सरकार एक्शन ले रही है, धैर्य रखें: वीके सिंह



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पहलगाम हमले पर पूर्व आर्मी चीफ और मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह ने कहा कि सरकार एक्शन ले रही है। हमें धैर्य रखना चाहिए। भविष्य में हमें आंख-कान खुले रखने की जरूरत है। इसका फायदा ये होगा कि कहीं कुछ असामान्य हो रहा होगा, तो उसे पहले ही रोका जा सकता है। उधर, सीडीएस अनिल चौहान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिले। उन्होंने रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर की ताजा हालात की जानकारी दी। साथ ही सरकार के पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक फैसले के बाद की स्थिति से अवगत कराया।

## आइबी ने दिल्ली में करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है, ताकि इन लोगों को वापस पाकिस्तान भेजा जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने सूची को दिल्ली पुलिस की एक विशेष शाखा के साथ साझा किया है, और इसे आगे के सत्यापन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है। सूची में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गयी है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास दिल्ली में रह रहे 3000 और 2000 पाकिस्तानी नागरिकों की दो सूचियां हैं।

## भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मिसाइलों का सफल परीक्षण किया




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसाइलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं।

# एनसीइआरटी की नयी किताबों में बदलाव : मुगल-दिल्ली सल्तनत हटाया गया, महाकुंभ, भूगोल किया गया शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कक्षा 7 की नयी एनसीइआरटी पाठ्यपुस्तकों से मुगल और दिल्ली सल्तनत के सभी उल्लेख हटा दिए गए हैं। इसके बजाय, प्राचीन भारतीय वंशों, भूगोल, महाकुंभ मेला और सरकारी योजनाओं जैसे मेक इन इंडिया और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर नए अध्याय जोड़े गए हैं। इस सप्ताह जारी ये पाठ्यपुस्तकें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफएसइ) 2023 के अनुरूप तैयार की गयी हैं। एनसीइआरटी अधिकारियों ने बताया कि यह पाठ्यपुस्तक का पहला भाग है, दूसरा भाग आने वाले महीनों में जारी होगा। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि हटाए गए हिस्से दूसरे भाग में शामिल होंगे या नहीं। गौरतलब है कि 2022-23 में कोविड-19 के दौरान पाठ्यक्रम रेशनलाइजेशन के तहत तुगलक, खिलजी, ममलूक, लोदी और मुगल सम्राटों की उपलब्धियों को पहले ही हटाया जा चुका था। नई पाठ्यपुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड' में प्राचीन वंश जैसे मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन पर नए अध्याय हैं।




**किताब में नेहरू के एक उद्धरण का भी उल्लेख :** नयी किताब में 'हाउ द लैंड बिकम्स सेक्रेड' नामक अध्याय जोड़ा गया है, जो भारत और विदेशों में इस्लाम, ईसाइयत, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख धर्मों के तीर्थ स्थलों और भूगोल की अवधारणा को समझाता है। इसमें 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा, शक्ति पीठ, नदी संगम, पर्वत और वन जैसे पवित्र स्थानों का जिक्र है। जवाहरलाल नेहरू के एक उद्धरण का उल्लेख है, जिसमें उन्होंने भारत को तीर्थस्थलों का देश बताया है।

**किताब में महाकुंभ का भी जिक्र :** इसके अलावा, इस साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ मेले का उल्लेख है, जिसमें 66 करोड़ लोगों की भागीदारी बतायी गयी है, लेकिन इसमें हुई भगदड़, जिसमें 30 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई, का जिक्र नहीं है। पाठ्यपुस्तक में मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और अटल टनल जैसी सरकारी पहलों को भी शामिल किया गया है।

**राष्ट्रीय ध्वज को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी शामिल :** संविधान पर एक अध्याय में बताया गया है कि पहले लोग घरों पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहरा सकते थे, लेकिन 2004 में एक नागरिक ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिसके बाद यह नियम बदल गया। अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक 'पूरवी' में 15 कहानियों, कविताओं और लेखों में से नौ भारतीय लेखकों या भारतीय संदर्भों पर आधारित हैं, जिनमें रवींद्रनाथ टैगोर, एपीजे अब्दुल कलाम और रस्किन बॉन्ड शामिल हैं। इन बदलावों की विपक्षी दलों ने 'शिक्षा के भगवाकरण; के रूप में आलोचना की है। एनसीइआरटी निदेशक दिनेश प्रसाद साकलानी ने पिछले साल एक साक्षात्कार में कहा था कि दंगों के बारे में पढ़ाने से बच्चे नकारात्मक नागरिक बन सकते हैं।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**